# आर्य्यभटीयम्

ज्योतिःशास्त्रम् ।

परमेश्वराचार्य्यकृतटीकयासमलङ्कृतम्

क्षत्रियकुमारेण श्रीमदुदयनारायणवर्म्मणा
नागरीभाषयाऽनुवादितम्
तच्च
मधुरापुरस्थ-शास्त्रप्रकाश-कार्य्यालये
( डा० बिद्दूपुर, मुज़फ्फरपुर )
नाम्निस्थाने प्रकाशितम्
संवत् १९६३ सन् १९[illegible]



# THE ARYA BHATIYA

or

## ANCIENT SANSKRIT ASTRONOMICAL WORK

by

Arya Bhata with a sanskrit commentary
of Prameshwaracharya translated into
Nagari and published
by
Udaya Narain singh at shastra Publishing office
Madhurapur, Bidhupur, Mozaffarpur.

Printed at Brahma Press Etawah.

मूल्य १)

ओ३म्

श्रीयुत मान्यवर क्षत्रियवंशावतंस परमोदार सनातन आर्यधर्म्मरक्षक श्रीमहाराजाधिराज सर नाहर सिंह बहादुर शाहपुराधीशेष्वित-उदयनारायणसिंहस्य कोटिशोनतय स्स्फुरन्तुतराम्

प्रभो !

आप ने सनातनआर्य्यधर्म्म की उन्नति करके हम भारत वासियों का परम उपकार किया है। ईश्वर श्रीमान् जैसे, धर्म्मरक्षक, दानशील, आदर्शपुरुष और आर्य्यग्रन्थों के उन्नायक महाराजों की प्रतिदिन संख्या बढ़ावे।

श्रीमान् की रुचि स० आ० ध० की ओर देख कर मैंने वेद के छः अङ्गों में से नेत्ररूपी वेदाङ्ग ज्योतिष के-उस अपूर्व ग्रन्थ का भाषानुवाद कियाहै जिस में आज १४०० वर्ष पूर्व ही से पृथिवी-भ्रमण-लिख रक्खा है।

यह आर्यभटीय वा आर्यसिद्धान्त ग्रन्थ संस्कृत टीका सहित जर्म्मन देश में छपा था-आज तक भारत वर्ष में इस की ओर किसी का ध्यान नहीं गया था मैं ने बड़े परिश्रम से इसे जर्म्मन देशान्तर्गत लिपजिक् स्थान से मंगवा कर सटीक सानुवाद एवं विस्तृत भूमिका सहित छपवाया है।

इस सटीक सानुवाद वेदाङ्ग ज्योतिष ग्रन्थ को मुद्रित करा श्रीमानों के कर कमलों में विनयपूर्वक अर्पण कर आशा करता हूं कि श्रीमान् इस को स्वीकार कर मुझे अन्याय आर्षग्रन्थों के सानुवाद प्रकाशित करने में उत्साहित करेंगे।

शास्त्रप्रकाश-कार्यालय
स्थान-मधुरापुर, विद्दूपुर
ज़ि० मुज़फ्फ़रपुर

श्रीमतामशाकारी——
क्षत्रिय कुमार—
उदयनारायणसिंह

ओ३म्

## प्रस्तावना ।

वेद आर्य्यशास्त्रों का शिरोभूषण है । वेद सम्पूर्ण आर्य्यशास्त्रों की अपेक्षा प्राचीन और सब शास्त्रों का एकमात्र आकर कह कर प्रसिद्ध है । विदेशीय–जर्म्मन देश वासी पं० भट्टमैक्ष मूलर साहब कहते हैं कि–*वेद सब विद्याओं का मूल है । अङ्ग सहित वेद ज्ञान विना–भारतवर्षीय किसी आर्य्यग्रन्थ पर कुछ लेख लिखना बहुत कठिन है । आज ऐसे अमूल्य रत्न वेद का यथावत् प्रचार न होने के कारण हमारे देश में प्रति दिन मत मतान्तरों तथा फूट की वृद्धि होती जाती है और लोगों को वैदिक धर्म से अश्रद्धा होती जाती है । इस वेद के तात्पर्य समझने के लिये हमारे ऋषियों ने इस के छः अङ्ग रचे हैं । इन शिक्षा आदि छः अङ्गों में से–वेदाङ्ग ज्योतिष के न जानने से हम भारतवासिगण वेद, शास्त्र, पुराण प्रतिपादित गूढ़ार्थ के समझने में असमर्थ होकर वेद, ब्राह्मण, पुराण, तन्त्र आदि प्रतिपादित ज्योतिष मूलक आध्यात्मिक वर्णन का उलटा वा निन्दित आशय समझ कर हम अपने ऋषियों को गुरुतल्पगामी, किन्हीं को चोर, ब्रह्मा को अपनी कन्या के पीछे मैथुनार्थ दौड़ना, रासलीला, यमयमी सम्वाद ( भाई बहन का सम्बन्ध ) श्रीकृष्ण जी का ब्रजाङ्गनाओं के साथ नाचना आदि अकर्त्तव्य कर्म करना, गौतम अहल्या की कथा, चन्द्रमा की ३३ कन्या, समुद्र–मथन आदि का युक्तियुक्त तात्पर्य्य नहीं समझ समझा सकते । आज हम उन्हीं उपरोक्त आलङ्कारिक लेखों में से–दो तीन लेखों का असली तात्पर्य पाठकों को सुनावेंगे–जिस से हमारे पाठक यह समझ जावेंगे कि निस्सन्देह असली "सिद्धान्त–ज्योतिषशास्त्र" के जानने ही से वेद, ब्राह्मण, पुराण, आदि प्रोक्त उपाख्यानों की सङ्गति लगा सकेंगे। अब हम यहां पहिले 'समुद्रमथन,' 'रासलीला' और 'वस्त्र हरणलीला' का रहस्य कह कर–"आर्य्यभटीय" पुस्तक का अनुवाद करेंगे।

उदयनारायणसिंह—अनुवादक

---

Every one acquainted with indian literature must have observed how impossible it is to open any book on Indian subjects without being thrown back upon an earlier authority; which is generally acknowledged by the Indians as the basis of all thier knowledge whether sacred or profane. This earlier authority which we find alluded to in theological and philosophical works as well as in poetry in codes of law in astronomical, grammatical, matrical and lexicographical compositions is called by one comprehensive name the Veda. (P. Max Muller H of Ancient Sanskrit Literature, P. 2)

## समुद्र–मन्थन ।

"ऋषीणां भारतीभाति सरला–गहनान्तरा ।
धीरास्तत्त्व मृच्छन्ति मुह्यन्ति प्राकृता जनाः" ॥

भा०ः–अर्थात् प्राचीन ग्रन्थों की वाक्य–शैली ऊपर से तो बहुत सरल मालूम होती है परन्तु उन के आशय बहुत कठिन हुआ करते जिन को विद्वान् लोग तो समझ लेते पर प्राकृत पुरुष मुग्ध होकर अर्थ का अनर्थ करने लगते हैं ॥

समुद्र–मन्थन उपाख्यान महाभारत के आदि पर्व में १७–से १९ अध्यायों में इस प्रकार वर्णित है किः–

एक समय महात्मा देवगण सुमेरु पर्वत के ऊपर एकत्र होकर अमृत प्राप्ति के लिये परस्पर विचार करने लगे । इसी अवसर में परम देव नारायण आकर बोले " हे पितामह! देवगण और असुरगण मिलकर समुद्र मथन में प्रवृत्त हों । इस के अनुसार देव और असुर गण मन्थन–दण्ड के योग्य मन्दर पर्वत को उखाड़ने लगे, परन्तु वे कृत कार्य्य न हो सके । इस के बाद परम देव नारायण की आज्ञानुसार अनन्त देव ने मन्दर पर्वत को जड़ से उखाड़ा और देवगण मन्दर पर्वत को लेकर समुद्र के तीर पर आये । अमृत पाने की आशा में समुद्र, अपने मन्थन में सम्मत हुआ–और कूर्म्मराज ने मन्दर पर्वत को अपने ऊपर धारण करना स्वीकार किया ॥

देव राज इन्द्र, कूर्म के पीठ पर ' मन्दर ' रक्ख कर मन्थन रज्जु ( महने की डोरी ) वासुकी ( सर्प ) द्वारा मन्दर को बांधकर समुद्र मन्थन में प्रवृत्त हुए । असुरों ने वासुकी के गले के उपरले भाग को पकड़ा । और देवगण ने पूंछ की ओर पकड़ा । विलोड़न करते २ मन्दर पर्वत पर के बड़े २ वृक्षों और ओषधियों से निर्यास और रस समुद्र जल में निपतित होने लगा और अमृत के तुल्य रस स्रोत में देवताओं का शरीर आप्लुत होने लगा, देवगण अमर हुए । अपूर्व रस से मिश्रित हो समुद्र का जल दूध हो गया और दूध से घृत उत्पन्न हुआ ।

समुद्र मन्थन में पहिले दूध से चन्द्रमा उत्पन्न हुए और घृत से लक्ष्मीदेवी, सुरादेवी, उच्चैःश्रवा नामक घोड़ा और अत्यन्त उज्ज्वल कौस्तुभ मणि क्रमशः उत्पन्न हुए । कौस्तुभ मणि परम देव नारायण ने अपने हृदय में धारण किया।

पारिजात और सुरभि उत्पन्न हुयीं। लक्ष्मी, सोम, सुरा और उच्चैःश्रवा आदित्य मार्ग में देवताओं के निकट गये इस के। अनन्तर धन्वन्तरि अमृत से भरे श्वेतकमण्डलु हाथ में लिये ऊपर हुए। और दान्त में चारों वेद से विभूषित 'ऐरावत' हाथी निकला। देवराज ने ऐरावत को लिया। अन्त में कालकूट विष उत्पन्न हुआ। हलाहल विष के गन्ध से तीनों लोक मोहित हुआ। ब्रह्मा की आज्ञा से महादेव ने इस विषपान कर लिया। तब से महादेव जी का नाम 'नीलकंठ' हुआ। इधर अमृत पान के अभिलाषी देवता और असुरों में युद्ध उपस्थित हुआ, परम देव नारायण ने मोहिनी रूप धर कर असुर के निकट उपस्थित हुए। इस मोहिनी मूर्त्ति को देख कर विमूढ़चित्त असुर गण परिवेशनार्थ अमृत के भाण्ड को मोहिनी के हाथ में समर्पण करने में सम्मत हुए। अमृत को हर कर मोहिनी संग्राम से चल निकली। संग्राम समय देवगण मोहिनी के हाथ के अमृत को पान करने लगे। इसी अवसर में देवता का रूप धारण कर छिपा हुआ 'राहु' अमृतपान करने में प्रवृत्त हुआ। किन्तु चन्द्रमा और सूर्य ने इस की चुगली कर इस की कपटता को प्रकाशित कर दिआ और परम देव नारायण ने 'सुदर्शन' (चक्र) द्वारा राहु के शिर को काट डाला।

कटा हुआ राहु का मस्तक आकाश मण्डल में उड़ कर पृथिवी पर गिर पड़ा। जो वैर निर्यातनार्थ (बदला लेने के लिये) अब तक बीच २ में राहु, चन्द्रमा और सूर्य को ग्रस लेता है जिस का नाम ग्रहण है ॥

देवासुर समर में स्वयं नारायण ने प्रवेश कर सुदर्शन द्वारा असुर दल को छिन्न भिन्न कर दिया और असुर मुण्ड भूमि पर शोभा देने लगे। मरने से अवशिष्ट असुरों ने रण में हार कर पृथिवी और समुद्र जल में प्रवेश किया। देवराज प्रमुख देवताओं ने अमृत भाण्ड अर्जुन को प्रदान किया।

श्रीमद्भागवत के ८ म स्कन्ध में ५ म अध्याय से ११ वें अध्याय तक समुद्र मथन का वर्णन है। भागवत के मत से जहां २ भेद दीख पड़ता है, उस का सारांश नीचे लिखा जाता है। महाभारत में देवताओं को अमृत पीने की इच्छा क्यों हुई ? इस का कारण नहीं लिखा है ; किन्तु श्रीमद्भागवत् में लिखा है कि अत्रि के पुत्र शङ्करांश महर्षि दुर्व्वासा के अभिशाप से देवराज इन्द्र श्रीभ्रष्ट-हुए। असुर युद्ध में देव-सेना हार गयी। इन्द्रादि देवगण ने स्वर्गराज्य से ताड़ित हो भूतल और पाताल पर आकर आश्रय लिया।

असुर गण ने स्वर्ग राज्य पर अपना अधिकार जमाया। यज्ञ आदि एक मात्र बन्द हो गया। भूख से पीड़ित इन्द्र आदि कों ने निरुपाय हो सुमेरु पर्वत की चोटी पर जाय ब्रह्मा की शरण लियी। और ब्रह्मा, प्रमुख देवगण की स्तुति से सन्तुष्ट हो परमदेव नारायण ने देवराज इन्द्र को उपदेश दिया कि अमृत-पान से बलवान् न हो कर तुम असुरों गण को रण में जीत नहीं सकते।

और देवता एवं असुरों के मिले बिना समुद्र मन्थन से अमृत मिलने का अन्य दूसरा उपाय नहीं। इसलिये असुरगण के साथ कपट सन्धि कर दोनों दल मिलकर समुद्र मन्थन करो। समुद्र मन्थन से उत्पन्न अमृत परिवेशन के समय मैं असुरों को ठग कर देवताओं को अमृत पान कराऊंगा। नारायण के आदेश से इन्द्र ने असुर पति रैवत मनु-पुत्र बलि राजा के साथ सन्धि स्थापन कर समुद्र मन्थनार्थ उद्योग किया। इस के बाद देवता और असुर गण ने मन्दर पर्वत को उखाड़ा और गरुड़ के पीठ पर मन्दर को रक्ख कर समुद्र के किनारे ले आये। समुद्र मन्थन के पहिले हलाहल विष और क्रम से सुरभि, उच्चैःश्रवा, ऐरावत, ८ दिग्गज, और अभ्रमु प्रभृति ८ हस्तिनी, पारिजात पुष्प, अप्सरा, कमला देवी, वारुणी, कलस हस्त धन्वन्तरि ऊपर हुए। राहुबध उपाख्यान इस पुराण में भी है।

विष्णुपुराण के ९ म अंश, ९ म० अध्याय में समुद्र मन्थन का वर्णन है॥० विष्णुपुराण के मत से समुद्र मन्थन में पहिले सुरभि, क्रम से वारुणी, पारिजात, शीतांशु चन्द्रमा, हलाहल विष, कमण्डलु हस्त धन्वन्तरि, और श्रीदेवी उत्पन्न हुईं। किन्तु विष्णुपुराण में राहुबध का वर्णन नहीं है। ब्रह्म वैवर्त्त पुराण के प्रकृति खण्ड के ३८ वें अध्याय में समुद्र मन्थन का वर्णन है। ब्रह्माण्ड पुराण के मत से समुद्र मन्थन में सब से पहिले धन्वन्तरि और क्रम से अमृत, उच्चैःश्रवा, नाना रत्न, ऐरावत, लक्ष्मीदेवी, सुदर्शन चक्र निकले हुए। इन के अतिरिक्त अन्यान्य पुराणों में भी समुद्रमन्थन का वर्णन है।

पुराणों में समुद्र मन्थन का वर्णन है कहने से अशिक्षित लोगों में इस व्यापार को रूपक कह कर ग्रहण करना नहीं चाहते। किन्तु उपाख्यान के सम्भव या असम्भव होने की समालोचना करने पर इस की रचना अर्थवाद से भरा है यह सहज ही में सिद्ध होता है।

पहिले तो मन्दर पर्वत का उखाड़ना कैसे सम्भव होगा? दूसरे मथने की रस्सी वासुकी (सर्प) मथते समय जब उसी वासुकी शेष ने मन्दर पर्वत को

धारण किया तो उस समय पृथिवी किस पर थी ? ( क्योंकि पुराण में लिखे अनुसार लोग समझते हैं कि शेष नाग पर पृथिवी ठहरी है) तीसरे, पृथिवी पृष्ठ २० करोड़ वर्ग माइल है, उस में १५ करोड़ माइल में समुद्र विस्तृत है। इस सुविस्तीर्ण समुद्र का मन्थन कैसे सम्भव हो सकता ? चौथे, विष्णुपुराण के मत से महर्षि दुर्वासा प्रदत्त पारिजात माला देवराज इन्द्र ने ऐरावत के शिर पर पहिना दिया, ऐरावत कर्त्तृक महर्षि प्रसादभूत यह पारिजात माला भूमि के ऊपर फेंकी गई इस से महर्षि दुर्वासा के क्रोध की उत्पत्ति हुइ। और उसी क्रोध के कारण महर्षि का शाप हुआ। उस के पश्चात् समुद्र मन्थन में ऐरावत की उत्पत्ति हुई यह क्योंकर सम्भव होगा ? पञ्चम, महाभारत में लिखा है कि समुद्र मन्थन से निकले हुये रत्न आदित्य मार्ग से (अयन मार्ग से) देवताओं के समीप गये। यदि देवगण ने पृथिवी पर आकर पृथिवी पर के मन्दर पर्वत को उखाड़ कर पृथिवी पर के समुद्र के तीर में रहकर समुद्र मन्थन किया, तो मथने से उत्पन्न रत्न आदि आकाशस्थ अयन मार्ग में किस प्रकार देवताओं के निकट जासकते ? सुतरां यह अवश्य ही मानना पड़ेगा कि इस उपाख्यान में अवश्य ही कोई अति गूढ़ अभिप्राय है।

वेद पढ़ने से हमे इस बात का ज्ञान हुआ है कि ‘ समुद्र, ’ ‘ सागर, ’। शब्दों से अधिकतर स्थानों में जल का वर्णन किया गया है।

और वेदाङ्ग + निरुक्त शास्त्र में ( १४।१५) “ अन्तरिक्ष नामानि सगर समुद्र ” ऐसा उल्लिखित है। “ समुद्रात् अन्तरिक्षात् इति सायनः ”।

और पुराण में जल शब्द कारण वारि अर्थ में व्यवहृत दृष्ट होता है *सुतरां महर्षियों ने पुराणों में समुद्र मन्थन समय में समुद्र और सगर शब्द को आकाश अर्थ में व्यवहार किया है ऐसा बोध होता है। और समुद्र मन्थन अर्थ से आकाशस्थ पदार्थ का मन्थन समझना उपाख्यान को सङ्गत और संलग्न होना-वोध होता है। और मन्थन से निकले हुए रत्न आदि देवता के निकट अयन मार्ग से जा सकते। समुद्र मन्थन उपाख्यान का प्रकृत अर्थ यह है कि समुद्र नाम अन्तरिक्ष और मन्थन नाम–खगोलस्थ दिव्य ग्रह, नक्षत्र आदिक के रूप, गति स्थिति आदि का पता लगाना ( Astronomical deep enquiry ) से

---

+ सुदासे दस्रा वसु बिभ्रता रथे वृक्षो वहतमश्विनी। रयिं समुद्रा दुत दिवस्पर्यस्मे धत्तं पुरुस्पृहम्। ऋग्वेदे। १। ४७। ६।

*उत्ससर्ज च कोपेन ब्रह्माण्डं गोलके जले। ब्रह्म वै० पु० प्रकृतखण्डे २।५०

(ज्योतिष शास्त्र का अनुशीलन)। वेद विहित याग, यज्ञादि के समयादि निर्णय के लिये ज्योतिष शास्त्रामृत की प्राप्ति के लिये देव (प्रकाश) और असुर (अन्धकार) में मेल हुआ। दोनों पक्ष ने मिलकर आकाश मन्थन किया मन्दर पर्वत स्वरूप 'क्रान्तिपात विन्दु' में सर्प की आकार वाली रेखा संयोजित हुयी, और क्रम से गोलार्द्ध रूपी दिन रात आविर्भूत और तिरोभूत हो, गोलक विलोडित और मथित हुआ क्रम से ज्योत्स्ना रूपिणी (चान्दनी) "लक्ष्मी" के साथ चन्द्रमा की स्थिति स्थान, राशि चक्र में निर्णीत हुई। और खगोल के बीच "सुरभि" (गौ) रूपिणी पृथिवी की अवस्थिति स्थान निराकृत हुई। "कौस्तुभ" रूप "ध्रुव" तारा विराट मूर्त्ति के हृदय में स्थापित हुई। और ग्रह नक्षत्रगण राशि चक्र के यथा स्थान में सन्निविष्ट हुये। और "सावन" काल यथोचित रूप से निर्णीत होने लगा। याग, यज्ञादि (तिथि आदि विचार पूर्वक) अनुष्ठित होने लगे। "धन्वन्तरि" रूप से कुम्भ राशि धनु राशि के ३० अंश अन्तर पर स्थापित हुआ। महर्षि पराशर ने विष्णु-पुराण के समुद्र मन्थन के उपसंहार में यों लिखा है कि:–

"ततः प्रसन्नभाः सूर्य्यः प्रययौ स्वेनवर्त्मना।
ज्योतींषिंच यथामार्गं प्रययुर्मुनिसत्तम !॥" १।९।११२॥

उपसंहार में वक्तव्य यह है कि, प्राचीन समय में सब जातियों में सूर्य्य स्वामी और चन्द्रमा पत्नी रूप से परिगणित होते थे और वेद में भी यह स्पष्टतया लिखा है:–

"समिथुनंउत्पादयते रयीञ्चप्राणञ्च।
एते मे वहुधा प्रजाः परिष्यतः॥" इतिप्र० उपनिषदि ॥४॥

अर्थः–प्रजा सृष्टि कामना से ब्रह्मा ने चन्द्र, सूर्य्य को स्त्री पुरुष रूप से सृष्टि किये और सूर्य्य चन्द्र से मनु और मनु से मानव जाति सृष्टि हुई।

फलित ज्योतिष के मत से यद्यपि चन्द्रमा स्त्री–ग्रह कह कर परिगणित है किन्तु चान्द्रमास गणनार्थ चन्द्र, नक्षत्र वा तारापति कह कर परिगणित होता चन्द्रमा का इसप्रकार स्त्री एवं पुरुष दोनों प्रकृति की रक्षा के लिये पौराणिक गण 'चन्द्रविम्ब' और चन्द्रमा की ज्योति को स्वतन्त्र करने में वाध्य हुए। समुद्र मन्थन से चन्द्रविम्ब का लक्ष्मी सहज नाम हुआ, जैसे:––

"दाक्षायिणीपतिर्लक्ष्मी–सहजश्च सुधाकरः"। शब्दरत्नावली।

चन्द्रविम्ब तारापति हुए। और लक्ष्मधारिणी ज्योत्स्नारूपिणी चन्द्रिमा (चान्दनी) लक्ष्मी देवी विष्णुप्रिया या सूर्य-पत्नी हुयी। वैदिक प्राचीन पद्धति और पौराणिक नवीन-पद्धति, दोनों ही की समानता हुयी।

अब भी "ग्रीनलैण्ड" वासी इस्किमो जाति में यह विश्वास है कि सूर्य अपनी पत्नी चन्द्रिमा के पीछे २ युगयुगान्तर से दौड़ रहे हैं। किन्तु कभी चन्द्रिमा को स्पर्श नहीं कर सके। और इन दोनों की यह क्रीड़ा उपलक्ष ही में पृथिवी पर दिन रात होते हैं।

सूर्यसिद्धान्त आदि ज्योतिष शास्त्र में जो 'ग्रहण' के कारण दिख ला ये गये हैं उस का स्थूल तात्पर्य यह है कि 'अयनवृत्त' परस्पर तिर्यक्भाव से अवस्थित है। चन्द्रमा के कक्षा वृत्त का एक अर्द्धांश अयन वृत्त के उत्तर में और अपर अर्द्धांश 'अयन वृत्त' के दक्षिण में अवस्थित और 'अयन मण्डल' और चन्द्रकक्षा के 'छेद विन्दुद्वय' को "पात" कहते हैं। इस पात के दोनों विन्दु की योग रेखा पर अमावास्या के अन्त में चन्द्र और सूर्य के अवस्थित होने से सूर्यग्रहण होता है। इस पातविन्दु-द्वय की योग रेखा के मध्यभाग में सूर्यविम्ब अवस्थित रहते हैं। इस 'योगरेखा' को "राहु" कल्पना करने से सूर्य विम्बरूप "सुदर्शन" (चक्र) द्वारा "राहु" दो खण्डित होता है। और पात के दो विन्दुओं में से एक को "राहु" और दूसरे विन्दु को "केतु" कहते हैं। या इन दोनों विन्दुओं को "राहु" और सांप की देह की नाईं पृथिवी छाया मध्ये चन्द्र प्रवेश करने से 'चन्द्रग्रहण' होता है ऐसा कहने से पृथिवी छाया को 'केतु' कहना अनुचित नहीं। ऐसा अर्थ करने पर समुद्र मन्थन में राहु का अमर होना और 'सुदर्शन' द्वारा राहु का शिर कटना, दोनों ही व्यापार सङ्गत और वेदाङ्गीभूत ज्योतिष शास्त्रानुमोदित होते हैं।

समुद्रमथन-उपाख्यान में मेरु पर्वत, नारायणदेव, देव, असुर, अनन्तदेव, समुद्र, अमृत, कूर्म, इन्द्र, वासुकी, दूध, घृत, सुरभि, पारिजात-पुष्प, ऐरावत हाथी, उच्चैःश्रवा घोड़ा, वारुणी, सोम, लक्ष्मी, हलाहल-विष, नीलकण्ठ, अमृतभाण्ड, अर्जुन, दिति अदिति और धन्वन्तरि आदि, शब्दों की व्याख्या कियी गयी है, परन्तु वेद, निघण्टु, ब्राह्मणग्रन्थ, १८ पुराण तथा वाल्मीकीय आदि उल्लिखित-समुद्रमथन पर-विचार अलग पुस्तकाकार छपेगा-यहां विस्तार भय से-संक्षिप्त लिखा गया।

## श्रीकृष्णलीला की आधिदैविक व्याख्या की अवतरणिका ॥

चन्द्रमा पौराणिक देवता हैं। ३३ नक्षत्र पुराणों में चन्द्रमा की ३३ स्त्री अश्विनी, भरणी, प्रभृति, (नक्षत्र) चन्द्रमा का घर या गृहिणी हैं। इस स्थल में रूपक अति जाज्वल्यमान है किसी को समझने में कष्ट नहीं होता किन्तु पुराणों में ऐसे अनेक (हमारे शास्त्रों में प्रायः तीन प्रकार के वर्णन हैं एक आध्यात्मिक दूसरा आधिदैविक और तीसरा आधिभौतिक) रूपक हैं, जिनका रूपकत्व भाव सहसा उपलब्धि नहीं किया जाता। श्रीकृष्ण नामक कोई व्यक्ति थे नहीं ऐसा कोई प्रमाण अब तक नहीं मिला है, प्रत्युत ऐसे प्रमाण तो भले ही पाये जाते हैं कि श्रीकृष्ण नामक एक अच्छे आदर्श पुरुष वा पुरुषोत्तम सच्चरित्र व्यक्ति हुए हैं जिन का इतिहास महाभारत में है। एवं श्रीकृष्ण सम्बन्धी इस इतिहास के अतिरिक्त भागवत आदि पुराणोक्त ऐसे निन्दनीय उपाख्यान हैं जिन को लेकर विधर्मी लोग हमारे वेदोक्त स०आ० धर्म तथा हमारे महात्माओं पर कलङ्क दिखलाते हैं जिनका यथोचित समाधान हमारे भाई लोग न जानने के कारण नहीं कर सकते। वेद तथा वेदाङ्ग आदि वैदिक ग्रन्थों के देखने से पुराणोक्त उपाख्यानों का तात्पर्य समझ में आता है। जैसा कि पाठकों को वक्ष्यमाण उपाख्यान से ज्ञात होगाः—वैदिक काल से सूर्य, उपास्य देव होते आये हैं, आब्राह्मण चाण्डाल पर्यन्त सब ही आर्य इस समय भी शय्या से गात्रोत्थान कर, पूर्व मुंह हो सूर्यदेव को प्रणाम किया करते हैं; सूर्यदेव ही गायत्री के उपास्य देवता हैं। शालग्राम शिला आदि उपलक्ष्य कर जिस प्रकार ईश्वर की उपासना की व्यवस्था मानी जाती है, उसी प्रकार सूर्य को भी उपलक्ष्य कर ईश्वरोपासना की व्यवस्था की गई है। श्रीकृष्ण और अन्याय १० अवतार, सब ही विष्णु के अवतार कहे जाते हैं। श्रीकृष्ण नाम से कोई व्यक्ति अवतीर्ण हुए, जब यह स्वीकार कर लिया गया, और वे अवतार कहकर माने भी गये तब उन के जीवन के साथ विष्णु या सूर्य (कारण वेद में विष्णु और सूर्य एक) की लीला मिश्रित कर देना असम्भव नहीं है। श्रीकृष्ण की वाल्य-लीला के साथ जो सूर्य की लीला मिश्रित हुई है। इस के बहुत प्रमाण पाये जाते हैं। वाल्य-लीला यदि इस प्रकार रूपक के ऊपर न्यस्त न किया जाता, तो परम पवित्र गीता शास्त्र के प्रवर्त्तक के चरित्र में "परदाराभिमर्शन" दोष अवश्य ही लगता। परीक्षित राजा ने श्रीकृष्ण जी की वाल्य-लीला सुनकर शुकदेव जी से इस प्रकार प्रश्न किया था किः—

"संस्थापनाय धर्मस्य प्रशमायेतरस्यच ।
अवतीर्णो हि भगवानंशेन जगदीश्वर: ॥
स कथं धर्म्मसेतूनां वक्ता कर्त्ताभिरक्षिता ।
प्रतीपमाचरद् ब्रह्मन् परदाराभिमर्शनम् ॥
आप्तकामो यदुपतिः कृतवान् वैजुगुप्सितम् ।
किमभिप्राय एतं नः संशयं छिन्धि सुव्रत ! ॥"

जिस संशय ने राजा परीक्षित के मन को डमाडोल वा सन्दिग्ध कर दिया था वही संशय आज अनेक लोगों के मन में उठता है। स्वतः ही लोगों के मन में यह प्रश्न होता है कि धर्म्मसंस्थापनार्थ और अधर्म्म के नाश के लिये जिन का जन्म हुआ है वे परस्त्रीगमन रूप अकार्य वा कुत्सित कर्म में क्यों कर प्रवृत्त होंगे?। या तो यह कोई आध्यात्मिक व्यापार है या किसी ज्योतिष शास्त्रोक्त विषय का रूपक है। राधा को ह्लादिनी शक्ति (अध्यात्म) मानना पड़ेगा या राधा को "राधा" नक्षत्र मानना पड़ेगा। नहीं तो अवतार की मर्य्यादा की रक्षा नहीं होती। शुकदेव जी के मुख से जो राजा परीक्षित के प्रश्न का उत्तर दिया गया है उसे कोई भी सन्तोष जनक (उत्तर) नहीं मान सकता ।

"ईश्वराणां वचः सत्यं तथैवाचरितं क्वचित् ।
तेषां यत् स्ववचो युक्तं बुद्धिमांस्तत् समाचरेत्" ॥

यह बात सुनने से किसी के मन की शङ्का नहीं जाती तो परीक्षित का भी सन्देह दूर हुआ हो या नहीं इस में सन्देह ही है। "मैं हजारों दुष्कर्म करूंगा, उस पर कोई ख्याल न करना मैं जो कहूंगा वही करना,,। ऐसी बात किसी धर्म्म प्रवर्त्तक व्यक्ति के में शोभा नहीं देती। अवतार का प्रयोजन क्या? इस पर अवतारवादी लोग कहते हैं कि मनुष्यों को शिक्षा मिलना ही अवतार का प्रयोजन है। जिस कार्य्य से मनुष्यों को सुशिक्षा न हो कर कुशिक्षा होती ऐसे कार्य्यों को अवतार में आरोपन करना नितान्त असङ्गत है। चाहे जिस भाव से ही देखा जावे श्रीकृष्ण जी की बाल्यलीला को ऐतिहासिक घटना कह कर मानना बहुत कठिन है। बाल्य लीला में नानाप्रकार का आध्यात्मिक वर्णन भी है। हम ने जो वेदाङ्ग—ज्योतिष के अनुसार रूपकवर्णन

किया है। इससे हमारा प्रयोजन यह है कि मनुष्य को सब विषयों में सत्य का अनुसन्धान करना चाहिये। यदि हमारे इस रूपक वर्णन में कोई भ्रान्ति सिद्ध हो तो उसे हम सादर स्वीकार करेंगे। श्रीकृष्ण वा श्रीरामचन्द्र आदि महापुरुषों के किसी २ चरित्र में कोई २ अंश रूपकालङ्कार से वर्णन किये गये हैं ऐसा कहने से उन महात्माओं की सत्ता नष्ट नहीं होती अर्थात् ऐसा कोई न समझे कि इन महात्माओं ने जन्म ही नहीं ग्रहण किया केवल रूपक मात्र है। और उस में उन २ अवतारों के उपासकों के क्षोभ का कोई कारण नहीं। सर्वजन आराध्य आदिक के चरित में जो कई एक अर्थविहीन उपन्यास या कलङ्क आरोप किया जाया करता, वह निर्दोष, सार्थक, रूपक मात्र, और उस में अवतार आदि के चरित्र में कलङ्क स्पर्श न हो यही हमारे इस रूपकवर्णन का उद्देश्य है। अब हम आगे श्रीकृष्णलीला-का वर्णन करेंगे।

## श्रीकृष्ण-लीला।

श्रीकृष्ण जी महाराज श्रीविष्णु भगवान् के अवतार कहे जाते हैं। वसुदेव और देवकी श्रीकृष्ण जी के पिता, माता, श्रीराधिका श्रीकृष्ण जी की प्रधाना शक्ति,-वृन्दावन, मथुरा, द्वारका और कुरुक्षेत्र, श्रीकृष्ण के लीलास्थल कहे जाते हैं, असुरविनाश के लिये श्रीकृष्णजी का पृथिवी पर अवतार का उद्देश्य माना जाता है। श्री मद्भागवतपु० विष्णु पु० और ब्रह्म वैवर्त्त पुराणों में श्रीकृष्ण लीला वर्णित है।

वैदिक आर्य्यों का परमदेव (१) सूर्य्य देव और वेदोक्त प्रमाण से सूर्य का दूसरा नाम विष्णु (२) है और विष्णु सूर्य्य का अधिष्ठात्री देवता (३) है। प्राचीन आर्य्यलोग प्रकृत वेदोक्त देव भिन्नअन्य देवोपासक थे ऐसा कदापि सम्भव नहीं।

गोलकस्थ राशिचक्र में सूर्य्य देव का एक वर्ष परिभ्रमण व्यापार उपलक्ष करके आर्य्य जाति के मनोरञ्जन के लिये पूर्व समय में श्रीकृष्ण लीला का अङ्कुर आरोपित हुआ किन्तु क्रमशः पुराणों में इस लीला रूपी वृक्ष की शाखा प्रशाखा, पल्लव, होकर अब इस (लीलारूपी) वृक्ष में विषमय फल हो गये। ( कुदरती प्राकृत राशि लीला का मर्म भूल कर श्रीकृष्ण महाराज जैसे आदर्श पुरुष वा पुरुषोत्तम के चरित्र में कलङ्क लगा ) नहीं तो अधःपतन शील भारत भूमि में कुरुचि की धारा बहती हुई आदर्श पुरुष श्री कृष्ण जी को अतल स्पर्श कलङ्करूपी समुद्र में निमज्जित हो उछलना डूबना क्यों पड़ता !!!

(१)-गायत्र्युक्त सविता देव। (२)-ऋ० ८। ७७। १० एवम् १। २२। १६ ॥ (३)-गायत्री ॥

तत्काल की विचित्र महिमा है! अनन्तकाल, अनादि देव को ग्रास करने के लिये उद्यत है। अनादि, देव आज भारत में कलुषित भाव से पूजित होते हैं। अनुराग न होने से शीघ्र पूजा लोप होगी। भारत के विप्र कुल सदा-प्राय साधुचित्त यह रूपक कल्पना करके भी आज सनातन आर्यसमाज के निकट दायी हैं। इस जातीय ऋण विमोचनार्थ आज हम श्रीकृष्ण-लीला के रहस्य भेद करने में कृत संकल्प हुए हैं।

फाल्गुन की अमावास्या को सायङ्काल में एक बार गोलक (आकाश की ओर) सन्दर्शन करो। तब देखोगे कि आद्यतन श्रीकृष्ण लीला गोलक में अनश्वर अक्षरों में अङ्कित हो रही है। तुम लोग अपने मस्तक की ओर (आकाश में) तारक मय धनुषाकृति जो नक्षत्र देखते हो उस का नाम "पुनर्वसु" है। इस वसु नक्षत्र या वसुदेव की गोद में * यह देवकी विराजमान है। इस वसु नक्षत्र के तृतीय पदान्त में जो विन्दु देखते हो इस विन्दु का नाम 'कर्कट क्रान्ति' है। यह विन्दु उत्तरायण की चरम सीमा पर अवस्थित है। इस विन्दु के स्पर्श करने पर सूर्यदेव की अयन गति शेष होती है। और इस पर नये वर्ष के "बालार्क" का उदय (जन्म) होता है। यह विन्दु बाल (नये साल का सूर्य) बाल कृष्ण के जन्म (उदय) स्थान है। कल्पना नहीं समझो नव दुर्वादलश्याम (१) तुम्हारे सामने जाज्वल्यमान हो रहा है। श्रीकृष्ण रेखा में शिवमण्डल छाया तल (२) नेदक्षिणाङ्गुल में यात्रा किया—हे सम्मुख में कर्कट सिंह कन्या तुला वृश्चिक और धनु राशि। श्रीकृष्ण यमुना (३) अतिक्रमण कर प्रथमतः अग्रसर हुए। सम्मुख में कर्कट राशिस्थ तीन तारात्मक वाण के आकार का पुष्य नक्षत्र पश्चिमाभिमुख विराजमान है। श्रीकृष्ण पुष्य संक्रमण के पीछे कर्कट राशिस्थ हृद सर्प कालिय (४) कालीय सर्प का मस्तक षट्तारकमय चक्राकृति और इसको आश्लेषा नक्षत्र कहते हैं। इस की अधिष्ठात्री देवता 'फणी' हैं।

श्रीकृष्ण ने आश्लेषा में पैर रखकर कालीय सर्प को दमन किया। सम्मुख

---

* पुनर्वसु नक्षत्र की अधिष्ठात्री देवता देवमाता अदिति हैं उत्तर क्रान्ति, अवस्थिता। कश्यपो वसुदेवश्च ब्र०वै०पु० श्रीकृष्ण जन्मखण्डे। "अदितिर्देवकी ह्यभूत्," इति हरिवन्शे। रेवती नक्षत्र से चित्रा नक्षत्र पर्यन्त अयन रेखार्द्ध का नाम अदिति या देवकी वर्णित है।

(१) Castor star अर्थात् विष्णु नामक पुनर्वसु नक्षत्रके छः तारकमेंसे सबसे उत्तरवाली तारकाजैसे:-"धरोध्रुवश्च सोमश्च विष्णुश्चैवानिलोनलः प्रत्युषश्च प्रभासश्च॥ वसवोऽष्टौ क्रमात् स्मृताः" इति भरतः (२) Lynx Constellation or Canis minor (३) रात्रिकक् १० । १७ । १ ॥ (४) Hydra Constillation

में सिंह राशिस्थ पञ्च तारकामय मघा नक्षत्र है और इस की अधिष्ठात्री देवता 'यम' हैं सुतरां मघा की ज्योतिः नव प्रसूत बालक का जीवन संहारक "अहि" पूतना नामक बाल रोग का उत्पादक यही मघा (१) पूतना है। मघा की योगतारा (२) देवकी के (अयन रेखार्द्ध) उपरिस्थ कहने से पूतना को मातृपद में अभिषिक्त कर श्रीकृष्ण को स्तन्य देने में व्यापृत किया गया है। सूर्य्य देव के मघा में अवस्थिति काल में मघा आच्छादित होता है। श्रीकृष्ण ने मघा संहार कर पूतना को विनाश किया। सामने सिंहराशिस्थ पूर्व एवं उत्तर दोनों फल्गुनी वा अर्जुनी नक्षत्र (३) इन दो नक्षत्रों को अतिक्रम कर श्रीकृष्ण ने "यमलार्जुन वृक्ष" भञ्जन लीला दिखलाया है। सम्मुख में कन्या राशिस्थ हस्ता चित्रा, तुला राशिस्थ स्वाती, विशाखा, वृश्चिक राशिस्थ अनुराधा, ज्येष्ठा, और धनु राशिस्थ मूल, पूर्वाषाढ़, और उत्तराषाढ़ ये नव नक्षत्र हैं। ये ही आधुनिक पौराणिक नव ९ नारी हैं (४) आठ सखी और आद्यशक्ति विशाखा या राधा (५) विशाखा की आकृति पुष्पमाला या तोरण की नाईं या कमल कीसी है। और विशाखा की अधिष्ठात्री देवता 'शक्राग्नी, या 'विद्युत' है। इस विद्युताग्नि का नाम यही 'र' (६) अग्नि का आधार कह कर विशाखा 'राधा' नाम से विख्यात (७) है। श्रीकृष्ण, चन्द्रावलि, चित्रलेखा। ललिता (८) इन तीन सखियों के साथ सम्भाषण कर श्री राधा के घर में आकर देखा कि अयन रेखा को (९) श्रीराधा ने अधिकार किया है। श्रीकृष्ण और श्रीराधा का मिलन हुआ। यह श्री राधा कौन हैं? वृषराशिस्थ सूर्य्य देव "वृषभानु" राजा। 'कलावती, चन्द्रिमा उन की पत्नी हैं। कलावती अपने पति वृष (राशिस्थ सूर्य्य) भानु (राजा) से मिलने की आशा में उन्मत्ता होकर पूर्णाकृति लाभ के

---

(१) Regulus (२) मघा को पूतना कहने का और भी कारण है मघा की आकृति हल की सी है, और देखने में ध्वजा Flag की नाईं मालूम पड़ता है इस कारण मघा को "ध्वजिनी" कहना सार्थक है। और "ध्वजिनी वाहिनी सेना" पूतनाऽनीकिनी चमूः" इत्यमरः। इस अमरकोश प्रमाण से पाया जाता है कि पूतना शब्द 'ध्वजिनी के अर्थ में व्यवहार करने योग्य है और मघा पूतना दोनों ही 'ध्वजिनी' कहने से मघा पूतना और पूतना को श्रीकृष्ण जी के मातृस्थान में बिठलाने के अनेक कारण हैं। जैसे तृतीय दिवसे मासे (वर्षे वा गृह्णाति) " पूतना नाम मातृका " इति चक्रपाणिदत्त। श्रीकृष्ण जी को पूतना के स्तन्य देने का और भी कारण है जैसे भावप्रकाश (वैद्यक) में यह पूतना " वाल रोग चिकित्सायाम् तत्र संशोधने पूर्वं धात्री स्तन्यां विशोधयेत् "॥

(३) ऋक् १० । ८५ । १३॥

(४) चन्द्रावलि, चित्रलेखा ललिता विशाखा तुङ्ग विद्या रङ्ग देवी चम्पकलता सुदेवी और इन्दु लेखा ये ९ हैं।

(५) "राधा विशाखा पुष्येतु" इत्यमरः (६) 'स्मृते रः' पावके तीक्ष्णे" इति मेदिनी (७) "वैशाखे माधवोराधः इत्यमरः (८) स्वाती नक्षत्र की अधिष्ठात्री देवता 'पवन' और स्वाती तुला राशि में अवस्थित होने से इस का नाम 'ललिता' है। और हस्ता की पाश्व तारा चन्द्र तुल्य शुक्ल वर्णा हैं (९) अयन घोष या रायण घोष॥

लिये ज्येष्ठा नक्षत्राभिमुख यात्रा काल में कमलाकृति विशाखा के बीच विद्युत रूप राधा को प्राप्त हुई। इस स्थान में राधा का पौराणिक जन्म और लालन पालन आदि पाठक स्मरण करें।

श्रीकृष्ण का, तुला राशि में राधा नक्षत्र भोगकाल में आकाशाग्नि (सूर्य) आन्तरिक्ष अग्नि में ( विजुली में ) मिलन हुआ। (१) सांख्य शास्त्रोक्त प्रकृति पुरुष का मिलन हुआ। क्रमशः कार्त्तिकी पौर्णमासी आयी विद्युतमयी षट्कृत्तिका की शोभा में पौर्णमासी की दीपमय' ज्योत्स्ना, घर्षित हुयी। कार्त्तिकी पौर्णमासी की कौमुदी ज्योत्स्ना में जगत् भासित और हासित होने लगा। पशु, पक्षी आदि सब जीवगण और जगत् जन अह्लाद से पुलकित हुए। जगत् जन इस विमुग्ध कर रजनी को नृत्य,गीत, द्वारा सुख से व्यतीत करने लगे। यह विचित्र नहीं। इसी जगत् मय नृत्य,गीत, का नाम 'रास–लीला' (२) है। श्रीकृष्णदेव श्रीराधा और आठ सखी मिल कर रासलीला में स्थान वृन्दावन में प्रमत्त हुए। आज पौर्णमासी कलावती और मातृकागण (३) ( षटकृत्तिका ) अपनी कन्या राधा के शुभग्रह में उन्मत्ता हुयी। विमान पर पुरन्ध्रीगण, आज अट्टहास करती हैं। प्रकृति की इस अनुपम शोभा में संसार मुग्ध हो रहा है।

यह 'वृन्दावन' कहां? यह देखो 'गोलक' में लाखोलाख गोप। ( ४ ) गोपी अर्थात् तारक तारका परिवेष्टित हो धाता, ईन्द्र, सविता इत्यादि द्वादश आदित्य (५) रूप में श्रीदामनु, सुदामन, प्रभृति' द्वादश गोप मण्डल के साथ श्रीसूर्यदेव, श्रीकृष्ण' नाम से वृन्दावन में रासलीला में विराजमान (६) हैं। यदि इस प्राकृतिक रासलीला सन्दर्शन से आप के हृदय में गम्भीर विमल ईश्वर के प्रेम का उदय हो कर मन, प्राण, पुलकित न हो और कलुषित भौतिक प्रेमभाव यदि किसी के क्षुद्र कुसंस्कार तिमिराच्छन्न हृदय में प्रवेश करता हो तब हम और क्या कहेंगे, हां इतना तो अवश्य कहेंगे कि भाइयो! श्रीकृष्णभगवान् में चाहे ईश्वरभाव से अपनी रुचि अनुसार पूजा करो परन्तु ऐसे पुरुषोत्तम आदर्श पुरुष के सच्चरित्र में पापमय लीला चित्रित आपे को कलङ्कित न करो और नारकी न वनो!!!

हमने पुनर्वसु नक्षत्र से राधा नक्षत्र तक आदित्यदेव' ( श्रीकृष्ण ) का

---

(१)—ऋक् १ । ६५ । ३० ॥ (२)—गुणेरागेद्रवे रसः। इत्यमरः। (३)-षट् कृतिका। (४)—गा—का अर्थ किरण ऋक् १ । ६२ । ५ प-पालने (५)—वैशाख से चैत्र पर्यन्त सूर्य के नाम १ धाता, २ इन्द्र, ३ सविता, ४ विवस्वान्, ५ भग, ६ अर्यमन्, ७ भास्कर, ८ मित्र, ९ विष्णु, १० वरुण, ११ पूषा और १२ ईश है। महाभारत आदि पर्व ॥(६) ब्रह्मवैवर्त्त पुराण के श्रीकृष्ण जन्म खण्ड में के ४ थे अध्याय ।

अनुसरण कर रासलीला का बोध कराया परन्तु इस से लीला का सम्यक् बोध न हुआ है। क्योंकि बलदेव, नन्दगोप, यशोदा देवी और रोहिणी देवी इन के न होने से रासलीला का आरम्भ नहीं हो सकता। अन्य ग्रह की तरह आदित्य देव की क्रूरगति (१) नहीं होती, सुतरां नन्दराज के भवन में श्रीकृष्ण को ले कर जाने के लिये उपाय रहित (२) इस कारण इस समय बलदेव आदि को नन्दालय से रासलीला में निमन्त्रण कर, लाना पड़ा। बहुत पर्य्यटन से प्रयोजन नहीं।

यह देखो एकवार, राशिचक्र में दृष्टि डालकर देखो कलावती चन्द्रमा के पश्चात् भाग में वृषवीथि में। (३) वृषराशि में यशोदादेवी (४) और रोहिणी देवी (Aldebaran in Hyades) विराजती हैं। वृषराशिस्थ सूर्य इन्द्र देव (५) देवराज सखा नन्दराज कहां? "योयस्यमित्र नहि तस्य दूरम्" सुतरां हम ने आपतत नन्दराज को वृषराशि में स्थापन किया। विचार पीछे होगा।

यथा स्थान में विष्णुपुराण के ५म अंश में बलदेव जी का जन्मवृत्तान्त वर्णित नहीं है। यथा स्थान में श्रीमद्भागवत के दशमस्कन्ध में ऋषिवाक्य में बलदेव जी का जन्मवृत्तान्त का विवरण प्रकाशित नहीं। यथा स्थान में ब्रह्मवैवर्त्त पु० के जन्मखण्ड में संघर्षण देव (६) का जन्मवृत्तान्त विवृता है। किन्तु एकवार इसी के साथ बुध–जन्म वृत्तान्त स्मरण करो (७) चतुर्थ वसुदेव पुत्र संघर्षण रोहिणी गर्भजात कह कर 'रौहिणेय हैं' किन्तु 'देवकी-नन्दन' या 'वसुदेवनन्दन' नाम क्यों नहीं पाया? तृतीय वसुदेव (८) पुत्र बुध ने सौम्य' नाम पाया किन्तु 'तारकानन्दन' या तारासुत' नाम क्यों नहीं पाया? दोनों ही का जन्म वृत्तान्त रूपक मूलक है। हम लोग ज्योतिष-शास्त्र में बुध की आविष्क्रिया घटना में पाते हैं कि, बुध "रौहिणेय है।"। पुराण में रूपक विगड़ने के भय से इस का इतिहास नहीं लिखा गया कि किस कारण से बुध का 'रौहिणेय' नाम पड़ा।

---

(१)–Rotrograde motion (२)–राशि चक्र में आदित्य देव मेष राशि से क्रमशः पूर्वदिशा में वृष आदि दुआदश राशि एक वर्ष में परिभ्रमण करते हैं। वृष राशि में नन्दालय मिथुन राशिस्थ पुनर्वसु नक्षत्र के पश्चिम में वृष राशि अवस्थित सुतरां राशि चक्र पर्यटन न करने से श्रीकृष्ण वृष राशि में किस प्रकार जायंगे॥ (३)—वृष राशि के पूर्व और पश्चिम सीमान्त में स्थित दो ध्रुवक रेखा के मध्यवर्त्ती गोलकान्श को वृषवीथि कहते हैं। (४)–वृष राशिस्थ पाटलवर्ण देवमातृका षोडश मातृका में देव सेना या षष्ठी नाम से ख्यात एवं ताम् वदन्ति महा षष्ठीं पण्डिताः शिशुपालिकाम्। देवमातृका ने श्रीकृष्णलीला में यशोदा नाम पाया है ज्योतिषमती कहने से यशसि धवलता॥ (५)–ज्येष्ठमूले भवेदिन्द्रः इतिकौर्मे १८ अध्यायः॥

(६)–देवक्याः सप्तमे गर्भे कंसो रक्षां दधौ भिया। रोहिणी जठरे माया तमा कृष्य ररक्ष च॥

तस्माद् बभूव भगवान् नाम्ना संघर्षणः प्रभुः।

(७)–तारका गर्भ सम्भूत स एव च बुधः स्वयम्। ब्रह्मवै०पु०प्र०खण्डे६१अ०॥ (८)–धरो ध्रुवश्च सोमश्च विष्णुश्चैवानिलोऽनलः। प्रत्युषश्च प्रभातश्च वसवोऽष्टौ क्रमात् स्मृताः॥ गदा वरदं खड्गिणं इति ग्रह–योग तत्त्वे।

इस समय देखा जाता है जो, बलदेव का नाम रौहिणेय है। और वुध का भी नाम रौहिणेय है। गदाधारी (१) यह रौहिणेय श्रीकृष्ण के चिरसङ्गी हैं। गदाधारी अन्य रौहिणेय आदित्यदेव के चिरसङ्गी हैं। गदाधारी अन्य रौहिणेय आदित्यदेव के चिर सङ्गी हैं (२)। आदित्यदेव श्रीकृष्ण हुए, वलदेव को न्यायानुसार वुध ग्रह कहा जावे। घर का घर ही में मिला "गृहंचेन्म-धुविन्देत किमर्थं पर्वतं व्रजेत्" इस समय हम रासलीला वर्णन में प्रवृत्त हुए।

## रास-पूर्णिमा ॥

(१)-मूषली मूषला युधात्। (२)--वुध ग्रह सूर्य के ३० अंश के बीच में रहता है अतएव यह प्रायः सूर्य किरणों में छिपा रहता है॥

और एक वार राशि-चक्र पर दृष्टि डालो तो देखोगे कि १२ राशिस्थ (१) २७ नक्षत्रों में केवल पूर्वफल्गुनी, उत्तरफल्गुनी, स्वाती, विशाख के उत्तरस्थ एक तारका और श्रवण, धनिष्ठा ये ही छः नक्षत्र अयनमण्डल के ऊपर,

| राशि | नक्षत्र | तारा संख्या | आकृति | अधिष्ठात्री देवता | अङ्गरेजी |
|---|---|---|---|---|---|
| | अश्विनी | ३ | घोटकमुख | अश्वि | Aries |
| मेष | भरणी | ३ | त्रिकोण | यम | Musca |
| | कृत्तिका | ६ | अग्निशिखा | दहन | Pleiades |
| वृष | रोहिणी | ५ | शकट | कमलज | Hyades |
| | मृगशिरा | ३ | विडाल पद | शशि | O |
| मिथुन | आर्द्रा | १ | पद्म | शूलभृत | Betelgeuose |
| | पुनर्वसु | ५ | धनु | आदिति | Castor etc |
| कर्कट | पुष्य | ३ | वाण | जीव | Asellus |
| | अश्लेषा | ६ | चक्र | फणि | Hydra |
| | मघा | ५ | लाङ्गल | पितृगण या यम | Regulus |
| सिंह | पूर्वफाल्गुनी | २ | खड्ग | योनि | Zosma & Subra |
| | उत्तरफाल्गुनी | २ | खड्ग | अर्यमा | Denebola & another |
| कन्या | हस्ता | ५ | हस्त | दिनकृत् | Curvus |
| | चित्रा | १ | मुक्ता | त्वष्टृ | Spica. |
| तुला | स्वाती | १ | कुमकुमवर्ण | पवन | Arcturus. |
| | विशाखा | ४ | तोरण | शक्राग्नि | Akrob, Dschubba. and others. |
| वृश्चिक | अनुराधा | ७ | सर्प | मित्र | Antares. etc. |
| | ज्येष्ठा | ३ | शूकरदन्त या कुण्डल | शक्र | O |
| | मूल | ६ | शङ्ख | निर्ऋति | Lesath etc. |
| धनु | पूर्वाषाढ | ४ | शय्या | तोय | Kaus |
| | उत्तराषाढ(तुयक्ता) | ४ | सूर्प | विश्वविरिञ्चि | O |
| मकर | श्रवण | ३ | शर | हरि | Aquila |
| | धनिष्ठा | ५ | मर्द्दल | वसु | Delphinus |
| कुम्भ | शतभिषा | १०० | मण्डल | वरुण | O |
| | पूर्वभाद्रपद | २ | खड्ग | अजएकपाते | Enif & Homan. |
| मीन | उत्तरभाद्रपद | ४ | पर्यङ्क | अहिब्रध्न | Square of Pegasus |
| | रेवती | ३२ | मत्स्य | पूषा | Piscis. |
| (तुयक्त) | अभिजित् | ३ | शृङ्गाटक | विरिञ्चि | Vega Etc. |

गोलक के कदम्ब के (१) निकटतर है। कुरुक्षेत्रपर्व में हम प्रथम दो का ही परिचय देंगे। द्वितीय दो कृष्ण लीला की ललिता और श्रीराधा, तृतीय दो का परिचय अङ्क में होगा। यह देखो ! श्रीराधा का किरीट, राशिचक्र के एक धनु के (२) शिरोभाग में उच्चासन पर बैठा है। वाम भाग में ललिता सखी, अन्यान्य सखियों में चन्द्रावली (हस्ता) (३) राशिचक्र के दक्षिण में, चित्र लेखा ( चित्रा नक्षत्र ) राशिचक्र के मध्य में। ललिता ( स्वाती ) और श्रीराधा की ( विशाखा का ) (४) अवस्थिति स्थान ऊपर कहा गया है। रङ्गदेवी राशिचक्र के मध्यमें अवस्थित है। सुदेवी (५) स्वरूपक लता (६) राशिचक्र के दक्षिण में अवस्थित तुङ्गदेवी हैं तुङ्ग में और इन्दुलेखा (७)–राशि चक्र में अवस्थित हैं। अयन मण्डल के ऊपर धनु राशि के शिरो भाग में वृष राशि में, यशोदा देवी ( देवमातृका कृत्तिका ) (८) और बलदेव की माता रोहिणी देवी के वामभाग में कलावती कौमुदी चन्द्रिमा के अवस्थित का स्थान है।

यह देखो ! कलावती आश्विनी पूर्णिमा, अश्विनी नक्षत्र में अवस्थित कर रास-दर्शन के उल्लास में द्रुत वेग से राशि चक्र में दौड़ रही हैं। श्रीकृष्ण और श्रीराधा में परस्पर रासलीला निमित्त विचार हो रहा है। कलावती अश्विनी से भरणी, कृत्तिका, रोहणी, मृगशिरा, आदि एक २ नक्षत्र अतिक्रम कर रही हैं और क्रम से जामाता के निकटस्थ होती जाती हैं, मानो नील अवगुण्ठन मुखकमल आच्छादन करतीहैं (९) पुनर्वसु नक्षत्रमें (११) विष्णु तारक के दर्शन से कलावती (१२) ने ८ कलाओं को आच्छादित कर लिया है (१३) एवं क्रमशः श्रीराधा नक्षत्र में आकर जामाता के दर्शन में १६ कला आ-

---

(१)–ध्रुव और अभिजित् नक्षत्र के प्रायः मध्यवर्त्ती विन्दु। ध्रुव से २४ अंश दूर पर कदम्ब अवस्थित है। ध्रुवात् जिन लवान्तरे इति भास्कराचार्यः (२)–Amphi theatre. (३)–हस्ता के ५ नक्षत्र चन्द्रवत् शुक्ल वर्णा हैं॥ (४)–विशाखा के तीन पद तुलाराशि में और एक पद वृश्चिक राशि में और उत्तरस्थ तारका अयनमण्डल के उत्तर में एवं अन्य तीन दक्षिण में, इसकारण दुवचन का व्यवहार है। रामायण लंकाकाण्ड। विशाखा के किरीट में १० नक्षत्र हैं॥ (५)–अनुराधा का दुतीय तारा नरक लोहित वर्ण कह कर अनुराधा का रङ्ग देवी नाम है—न–रक अर्थ से–न–सूर्य॥ रकः स्फटिक सूर्ययोः। इत्यमरः। (६)–ज्येष्ठा वक्राकृति कहकर सुदेवी नाम मूला लता कृतिहै॥ (७)–Line of beauty. (८)–तुङ्गस्थ कहने से पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र तुङ्ग देवी ने नाम पाया हैं॥ (९)–सूर्पाकार शुक्लवर्ण चतुष् तारवामय उत्तराषाढ़ इन्दु लेखा है॥

(१०)—चतुर्थ मातृमण्डलम्–काशी खण्डे (११)–कृष्णपक्ष का कलाक्षय (१२)–पुनर्वसु शब्द से वसु का $\frac{३}{४}$ अंश। वसु = ८। सुतराम् $८ \times \frac{३}{४} = ६$। अर्थात् पुनर्वसु नक्षत्रमें ६ तारे हैं। वर्त्तमान आर्य ज्योतिषशास्त्र में ५ गृहीत होते हैं। किन्तु ४ तारक को साधारण रख बाक़ी २ तारकों में से एक २ लेकर दो धनुष दीखेंगे वसु अर्थ से धनुष का ग्रहण है॥ (१३)–कार्तिकी कृष्णाष्टमी या गोपाष्टमी॥

च्छादन किये (१) और अनुराधा में उपनीत हो कलावती अवगुण्ठन विमोचनार्थ उद्योग करने पर देखती हैं कि अवस्थावस्थित त्रिविक्रम सम्मुख में श्वसुर के दर्शन से बड़े पुलकित हैं। कलावती अद्धोवगुण्ठित भाव से श्रवणा अतिक्रम कर धनिष्ठा आदि एक २ नक्षत्र को अतिक्रम करती २ मुख कमल के नील अवगुण्ठन क्रम से मोचन करते २ चलने (२) लगीं। अन्त में वृषराशि में उपनीत हो कृत्तिका और रोहिणी के वामभाग में आकर आश्वस्थ भाव से आनन्द में नील अवगुण्ठन एक मात्र विमोचन कर सादर ऊंचे आसन पर बैठ गयीं। यों कार्त्तिकी पूर्णिमा की कौमुदी पौर्णमासी का उदय हो कर ज्योत्स्ना में जगत् आलोकमय हुआ। कौमुदी की ज्योत्स्ना—अञ्चल में आवृत्ता हो कर यशोदा देवी (कृत्तिका) छिपकर नीलमणि की रासलीला देखने लगीं। और बलदेव की माता भी अद्धाव-गुण्ठित मुख से रासलीला देखने लगीं। किन्तु पौर्णमासी कलावती श्वश्रूजन सुलभ अकुण्ठित भाव अवलम्बन से सम्पूर्ण जगत् के सामने पृथिवी के पृष्ठदेश से वासर (दिवस) घर में रासलीला देखने की कामना से किनारे हो कर लुकझुक करती हैं। पुनर्वार जगत् की ओर चाह कर श्रीराधा की सम्पद् में गर्वित हो ठट्ठा कर हंसती हैं। उषा काल में कौमुदी चन्द्रमा बांके नजर से उभय पार्श्वस्थ वैवाहिक द्वय (३) की ओर दृष्टिपात कर अस्फुट स्वर से कहती हैं कि देखो देखो बहिन! हमारी राधा आज स्वामी समागम से सखीकुलमध्ये (तारानिचय) कहां छिप गयीं? कभी तो कार्त्तिक की चन्द्रिमा के आह्लाद से नाचती २ उन्मत्ता प्रायः हो कर पश्चात् वर्त्ती वैवाहिक सच्चिदानन्द गोप को कहते हैं कि वाह! आज हमारा क्या शुभ दिन है! आ–नन्दपुत्र आनन्दमय श्रीकृष्णकी कृपा से हमारी राधा पवित्रा हुयीं। नन्दराज अह्लादसे गदगदभाव में कहते हैं कि श्रीमती अहह! तुम्हारी सुता राधा ही आद्या (४) शक्ति हैं। यह देखो! श्रीकृष्ण का रश्मि चूड़ा (उर्द्ध मुख मयूख को) तुम्हारे राधा के पदतल को मार्जन और धौत करता है।

यह देखो! कौमुदी चन्द्रमा के ऊर्द्ध्व भाग में प्रजापति ब्रह्मा 'औरिक' मण्डल (५) विराजमान है। आज प्रजापति ब्रह्मा पूर्ण चन्द्ररूपी हंस पर

---

(१) – अमावास्या ॥ (२) – शुक्लपक्ष की कलावृद्धि ॥ (३) – यशोदा और रोहिणी। (४) – कार्त्तिकी वर्ष विशाखासे गणित करने पर और शक्राग्नि या विद्युत् – मूर्त्ति अग्नि का आदि विकाश है ॥

(५) Auriga constellation प्रजापति ब्रह्मा के शिरोदेश में प्रजापति नक्षत्र Delta auriga हृत् पद्म से ब्रह्महृत् (Star capella) तारा दक्षिण कुक्षि में अग्नितारक (Star nath) ब्रह्म – हृत् तारक के पूर्व दक्षिण अंश में त्रिभुजाकार छोटे २ तीन तारे (The kids) क्या त्रिवेद चिन्ह (Emblem).

सानन्द आसीन हैं। रासलीला देखने के आनन्द में ३३ कोटि देवता के साथ विद्याधर, अप्सरागण, यक्ष, रक्ष, गन्धर्व, किन्नर, पिशाच, गुह्यक, सिद्धाचरण, दैव, दानव, असुर, आदि परिवृत्त होकर रासमण्डल के ऊर्द्ध देश (१) में आसीन हैं। इसी उपलक्ष्य से श्रीराधा 'व्रजेश्वरी', रासेश्वरी', नाम से पुराणों में कही गयीं हैं। और महर्षि वाल्मीकि ने विशाखा को सूर्यवंश का कुल नक्षत्र कह कर वर्णन किया है। और बङ्गाल के कवियों ने "राधी राजा," "राधी किशोरी" नाम से श्रीराधा का नाम कीर्त्तन किया है और इसी से पाश्चात्य ज्योतिषी लोगों ने श्रीराधा नक्षत्र को राजमुकुट वाला लिखा (Corona) (२) है। आज राशिचक्र के केन्द्र स्थान में श्रीकृष्ण (सूर्यदेव) और उन के दक्षिण भाग में वलदेव (बुधग्रह) अवस्थित हैं। और राशिचक्र में गोपी-गण (तारकागण) श्रीराधा और ८ सखियों के समभिव्याहार में चक्र नृत्य में नाच कर कृष्ण बलराम की प्रदक्षिणा करती हैं। वलदेव ने भी रसोन्मत्त हो चक्र नृत्य में साथ दिया। रासेश्वर वासुदेव चक्र—व्यूह की गति परीक्षा करते हैं। कार्त्तिकी चन्द्रिमा ज्योत्स्ना बाहु-विस्तार पूर्वक स्वर्ग, मर्त्य, पाताल आलिङ्गन कर स्नेह में डूब रही हैं। कार्त्तिकी पौर्णमासी के रौप्यमय ज्योत्स्ना सागर में तीनों जगत् बह चले। आनन्द मय सुधांशु सागर में जीव मात्र के हृदय निमग्न और अभिषिक्त हुए। अकथनीय विमल ज्योत्स्ना जलमें विश्व ने अव-गाहन किया। बाहुली (कार्त्तिकी) ज्योत्स्ना ने भुजलता को विस्तार कर ब्रह्मर्षि देवर्षि और राजर्षिगण को आलिङ्गन कर विमुग्ध किया। इस मोहमें विमुग्ध होकर हमारे ऋषियों ने सर्व भूतमय सर्वव्यापी परम पुरुष को सूक्ष्मभाव से ज्ञानकृत रूप से सवितृमण्डल मध्यवर्त्ती नारायण का ही वर्णन किया है। और सवितृमण्डल ही इस प्राकृतिक शोभा का (३) मूल कारण है कहने से सवितृमण्डल की ही विष्णुभाव से पूजा किया करते थे। और श्रीकृष्ण लीला की रूपक रचना कियी हैं। अदितिनन्दन आदित्य देव में और देवकी नन्दन श्रीकृष्ण में भेद कहां? क्या ऋषियों ने सतर्क नहीं कर दिया है कि "अदितिर्देवकीत्यभूत् (हरिवंशे) (आदिति) और "देवमाता च देवकी" (ब्रह्मवैवर्त्ते जन्मखण्डे) क्या ऋषियों ने इङ्गित नहीं कर दिया है कि आ-दित्यदेव ही देवकीनन्दन हैं?

---

(१)—गोलक में ५००० वर्ष पहिले यह दृश्य था इस समय अब उतना दृश्य नहीं रहा॥ (२)—श्रीराधा के सिर पर किरीटमण्डल (Corona)

(३) सूर्य किरण चन्द्रमण्डल में प्रतिफलित होने से ज्योत्स्ना की उत्पत्ति होती है।

" ततोऽखिल जगत्पद्मबोधायाच्युत भानुना ॥
देवकी पूर्व्व सन्ध्यायां माविर्भूतं महात्मना " विष्णुपुराणे ५ अं० ३ अ०

इतना भ्रान्त क्यों ? क्या वेदाङ्ग भूत ज्योतिषशास्त्र यह नहीं कहता है कि यशोदा (कृत्तिका का) की अधिष्ठात्री देवता दहन (अग्नि) और रोहिणी का कमलज (ब्रह्मा); अग्नि एवं ब्रह्मा एक ही हैं। इन ब्रह्मा के नाभि पद्म में (राशि चक्र के केन्द्र में) विष्णु या आदित्य देव अवस्थित हैं। यह देखो रोहिणी के शिरोभाग में प्रजापति ब्रह्मा हैं। यह ब्रह्मा ही नन्दराज हैं।

## रासलीला—वस्त्रहरण ॥

राशि चक्र से परिचय रहने पर रासलीला समझ में आसकता है किन्तु " वस्त्रहरण " ( लीला ) समझने के लिये " गोलक " ज्ञान प्रयोजनीय है। पृथिवीस्थ ज्योतिषी गण ने पृथिवी के मेरु दण्ड (axis) उत्तर में प्रसारित कर गोलक में जो विन्दु प्राप्त होते हैं उस का नाम 'ध्रुवविन्दु रेखा' रक्खा है और पृथिवी से दृश्य गोलक, वि–षु–वत् मण्डल द्वारा द्विधा किया है।

राशि चक्र के केन्द्रस्थ ज्योतिर्विद (?) राशि चक्र के मेरु दण्ड को (axis) उत्तर में प्रसारित कर गोलक में जो विन्दु प्राप्त होता उस का नाम कदम्ब रक्खा है। और इस केन्द्र से दृश्य गोलक अयनमण्डल द्वारा द्विधा किया है। मान लो कि 'कदम्ब' पर सूर्य को रखने से अयनमण्डल के दक्षिण भगस्थ दृश्यगोलकार्द्ध अन्धकारमय होगा।

इस समय वस्त्रहरण देखो ! असीम गोलक के बीच आदित्य देव अवस्थित हैं। आदित्य देव का केन्द्र (centre) और गोलक का केन्द्र एक ही है ऐसा कहने में दोष नहीं। आदित्यमण्डल को वेष्टन कर राशि चक्र अवस्थित है; इस ससूर्य राशि चक्र का नाम 'सुदर्शनचक्र' है। इससे नाम की भी सार्थकता होती है। यह देखो! सवितृ मण्डल के बीच नारायण श्रीकृष्ण इस केन्द्र में अवस्थिति कर ससूर्य राशि चक्र को कुलाल-चक्र की नाईं घूमाते हैं। श्रीकृष्ण इस कुलाल चक्र का शक्तिमय मेधि काष्ठ हैं। सूर्यमण्डल--कुलाल चक्र को हड्डुकाष्ठ और राशि चक्र कुलाल चक्र का वेष्टन काष्ठ ( वेलन काष्ठ ) है। यही कुलाल चक्र रासलीला का आदर्श (१) है।

गोपीगण (२७ नक्षत्र मय) राशिचक्र में अवस्थित रहकर सूर्य किरणरूपी वस्त्र में आवृत्त हो जगत् के चक्षु पर रह कर लोकों के अदृश्यभाव में

(१) कुलालचक्र प्रतिम मण्डलं पङ्कजाङ्कितम्। इति उत्कलकलिका ॥

नृत्य–गीत में प्रमत्त हैं। कुलाल चक्र की नाईं ससूर्य राशिचक्र घूमता है। किन्तु सूर्य केन्द्र को त्याग नहीं करते हड्डकाष्ठ की भांति केवल घूमते हैं। गोपीगण चक्र नृत्य में आदित्यदेव श्रीकृष्ण की प्रदक्षिणा करती हैं। क्या सुदृश्य मनोहर व्यापार है ! विराट पुरुष का विराट व्यापार !

विराट पुरुष के नाभि स्थल में सूर्य हैं। किन्तु आदित्य देव पर्यन्त काल के वशवर्त्ती हैं। तृतीय दिन आदित्य देव को श्रीराधा नक्षत्र त्याग कर अनुराधा नक्षत्र में पदार्पण करना पड़ेगा। किस का साध्य है कि इस नियम को तोड़ सके? इधर गोपीगण रास में उन्मत्ता हैं। अनुरोध तो सुनेंगी नहीं; रास में बाधा डालेंगी नहीं। उधर श्रीकृष्ण ने अपना माया–जाल विस्तार किया। विराट के नाभि देशस्थित सूर्य कदम्ब पर स्थापित हुए और अयन मण्डल के दक्षिणस्थ गोलकार्द्ध निशामय हुआ। गोपी का–किरण वस्त्र अपहृत ( छीनागया ) हुआ ? जगज्जन, चन्द्रावली, चन्द्रलेखा, तुङ्गदेवी- चम्पकलता, सुदेवी, और इन्दुलेखा प्रभृति तारा–सखियों को देख पाया। लज्जा से सखीगण नील समुद्र (१) में निमज्जित हुयीं किन्तु पशु–प्रयास। रूप छिपा नहीं !!!

इस रूपक में सूर्य श्रीकृष्ण कदम्ब कदम्बवृक्ष, तारागण गोपी, सूर्यकिरण वस्त्र, नील अन्तरिक्ष, कालिन्दी–जल, महर्षिगणरचित इस सुधामय रूपक वृक्ष ने जो विषमय फल धारण किया है, इस को देख कर महर्षिगण आत्म-ग्लानि से दग्ध प्रायः हो गये। रासलीला भङ्ग हुयी। श्रीकृष्ण व्रज ( अयन-मण्डल) में चले। सम्मुख में अनुराधा नक्षत्र है। भ्रान्त आर्यकुल! जो ज्योतिष-शास्त्र तुम्हारे शयन में, स्वप्न में, उत्सव में, व्यसन में, शोक में, सुख में, समाज में, विजन में, पाप में, पुण्य में, सहाय होता था, आज तुम लोग उसी ज्यो-तिषशास्त्र को भूल कर श्रीराधाकृष्ण के आङ्गीन रासलीला के अस्तित्व में विश्वास करते हो !!! कहां श्रीकृष्ण ! कहां राधा ! पृथिवी से करोड़ों योजन से अधिक दूरी पर सूर्य, उस से लक्ष २ गुण योजन अन्तर पर राशिचक्र के नक्षत्र श्रीराधा आदि अवस्थित, दुर्दशामें पड़ने से इतना मोह पैदा होताहै। आदि जात आदित्यदेव श्रीकृष्ण का राशिचक्र ही "सुदर्शनचक्र" है। चक्री के उस चक्र के किरण जाल में आच्छन्न हो आर्य्यजाति पुरस्थित प्राकृतिक रासलीला को देखनेमें अक्षम होरहीहै। रूपक रक्षाके अनुरोध से, श्रीकृष्ण की रासलीला वर्णन में पुराणकार महर्षियों ने कौतुक च्छल से कुक्षण में कति-

( १ ) अन्तरिक्ष का नाम है। ऋग्वेद १०।६८।६—१२

पय दो २ अर्थवाले शब्दों का भी प्रयोग किया है। वेद और वेदाङ्ग ज्योतिष-शास्त्र के पाठ और ज्योतिषशास्त्र के अनुशीलन में और ज्योतिष्क मण्डल के पर्य्यवेक्षण ( Observation ) से भारतीय आर्यजाति विमुख हो, महर्षि-प्रणीत पुराणस्थ इन सब दो अर्थ वाले शब्दों के प्रकृत अर्थ ग्रहण में असमर्थ हो गयी, और महर्षिगण पूजित आदित्य देव में अधिष्ठित परम पुरुष प्रकृतदेव श्रीहरि को भूल कर आर्य्यजाति अन्धे की नाईं अपने गन्तव्य मार्ग को भूल कर इधर उधर भटकती फिरती है। क्या आश्चर्य है! क्या आश्चर्य है! क्या भयावह विभ्राट भारत में उपस्थित हुआ है! षडङ्ग को छोड़ कर कौन पण्डित वेद का अर्थ कर सकता? गोलकस्थ ग्रह-नक्षत्र की गति विधि छोड़ कर, कौन सुशिक्षित सुधीजन पुराण की व्याख्या कर सकते? इस भ्रम प्रमाद में फसकर भारत माता के हृदय के अपरिमित गुण मणि श्रीकृष्ण में भक्ति स्थापन करने से पराङ्मुख होकर, भौतिक कृष्ण के पदाश्रय ले रहे हैं। कोई तो नवद्वीप में मानव-ईश्वर स्थापन में भक्ति वशतः ललायित हो रहे हैं। आर्यगण! एकवार आलस्य छोड़ कर नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य, ग्रहों की गति परीक्षा करो तो वेदोक्त श्रीकृष्ण (श्रीविष्णु) के चरित्र की निर्मलता हृदयङ्गम कर सकोगे। खेद-हारा हो कर आर्य्यजाति को निर्वाक् निरुत्तरभाव से अवनत मस्तक में, देश २ में, विदेश में, नगर नगर में, गांव २ में, गली २ में, मार्ग में, घाट २ पर, श्रीकृष्णकी कलङ्क रटना और व्यङ्गोक्ति नहीं सुननी पड़ेगी। इसी खेद से हम लोगों ने आज पुराण के रूपक जाल को फाड़ने में हाथ डाला है। नहीं तो ऐसी मनोरम अपूर्व मरीचिका के ध्वंस करने में किस की प्रवृत्ति हो सकती? अब इस के आगे सिद्धान्त ज्योतिष तथा आर्यभटीय के विषय संक्षिप्त विचार किया जावेगा और अन्यान्य पुराणोक्त वा ब्राह्मणोक्त उपाख्यानों का वर्णन-सिद्धान्त शिरोमणि के अनुवाद की भूमिका में लिखा जावेगा।

## सिद्धान्तज्योतिषग्रन्थ ॥

भारतवासियो ! आप वेद और धर्मशास्त्र अध्ययन करते हैं, कोई वेद और धर्मशास्त्र अध्ययनार्थ तैयार हैं; परन्तु आप जानते हैं ! यह क्या लिखा है-

"द्वे विद्ये वेदितव्य इति ह स्म यद्ब्रह्म विदोवदन्ति पराचैवा पराच । तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः शिक्षाकल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति" ॥ मुण्डक उ० १ । १ । ४, ५ ॥

अर्थात्-विद्या दो प्रकार की है, एक परा दूसरी अपरा । इन में ऋग्वेद यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त एवं ज्योतिष अपरा विद्या है । और जिस विद्या से अक्षर ब्रह्म का ज्ञान हो उसे परा विद्या कहते। इन में से शिक्षा आदि वेदरूपी पुरुष के छः अङ्ग स्वरूप हैं जैसा कि कहा है-

"शब्द शास्त्रं मुखं ज्योतिषं चक्षुषी, श्रोत्रमुक्तं निरुक्तञ्च कल्पः करौ ।
या तु शिक्षाऽस्य वेदस्य सा नासिका, पादपद्मद्वयं छन्द आद्यैर्बुधैः" ॥१०॥

अर्थात्-वेदरूपी पुरुष के व्याकरण तो मुख, ज्योतिष नेत्र, शिक्षा नासिका, कल्प दोनों हाथ और छन्दः (शास्त्र) पैर हैं । क्या विना नेत्र के वेद पुरुष को अन्धे रक्खेंगे एवं आप भी नेत्र हीन हो वेद के ज्योतिष सम्बन्धि गूढ़ मर्म्म का ऊटपटाङ्ग अश्लील अर्थ कर आर्यों का प्राचीन गौरव नष्ट करेंगे ?

ज्योतिष शास्त्र कहने से-यह न समझ लीजिये कि केवल फलित के ग्रन्थों ही को ज्योतिष कहते किन्तु संहिता, जातक आदि और सिद्धान्त मिल कर ज्योतिष कहाता है । यह बात हम ही नहीं कहते किन्तु जगत् विख्यात पं० बापूदेव शास्त्री जी की वक्तृता हमारे सू०सि० की भूमिकामें पढ़ लीजिये । और महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी जी अपने " गणक तरङ्गिणी " नामक ग्रन्थ में जिस में सिद्धान्त ज्योतिषियों का इतिहास लिखा है। लिखते हैं कि-

### " आधुनिका ज्योतिर्विदः फलमात्रैकवेदिनः "

व्याकरण शास्त्र मज्ञात्वैव लघुपाराशरीबालबोधशीघ्रबोधमुहूर्त्तचिन्तामणिनीलकण्ठीबृहज्जातकजैमिनिसूत्राणामेकदेशेन मत्ता आत्मानं कृत कृत्यं-ज्योतिषशास्त्रपारङ्गतमन्यन्ते। तत्र साहसिनो मकरान्दादिरचित सारण्यनुसारेण तिथ्याद्युपपत्तिं विनैवाऽऽधारसारणी च वस्तुतः शुद्धा वा नेति सर्वमबुद्ध्वैव तिथिपत्रं विरचय्या ऽऽत्मप्रसिद्धिं कुर्वन्ति" । गणकतरङ्गिण्याम्" पृ० १३२ ॥

अर्थात्-आज कल प्रायः लोग, थोड़े से छोटे २ फलित ज्योतिष के ग्रन्थ शीघ्र बोध, मुहूर्त्तचिन्तामणि आदि पढ़ २ कर आपे को ज्योतिषी मान बैठते और

तिथिपत्र बना २ कर अपनी प्रसिद्धि करते हैं और वास्तविक ज्योतिष सिद्धान्त संहिता के ग्रन्थ नहीं पढ़ते इत्यादि। कतिपय ग्रन्थों में ज्योतिष शास्त्र के पांच भेद लिखे हैं जैसा कि–

पञ्चस्कन्धमिदंशास्त्रं होरागणितसंहिता"।
केरलिशकुनश्चैव प्रवदन्तिमनीषिणः॥ प्रश्नरत्नटीकाकारः।

अर्थात्–ज्योतिषशास्त्र पांच प्रकार का है, १ होरा, २ गणित, ३ संहिता, ४ केरलि एवं ५ शकुन। इसी प्रकार पूर्वोक्त म० म० पं० सुधाकर जी ने उक्त ग्रन्थ के आरम्भ में लिखा है कि–"अस्ति सिद्धान्तहोरासंहितारूपं स्कन्धत्रयात्मकमष्टादशमहर्षिप्रणीतं ज्योतिःशास्त्रं वेदचक्षुरूपं परम्परातः प्रसिद्धम्। अष्टादशमहर्षयश्च ज्योतिःशास्त्र प्रतिपादका ये तेषां नामानि प्रकाशितानि (१)

अत्र पुलस्त्य पौलिशयोर्भेदेन पराशरेण ज्योतिःशास्त्रप्रवर्त्तका एकोनविंशति संख्याका आचार्या अभिहिताः। केचनाष्टादशाचार्य्यानुरोधेन पुलस्त्योमनुविशेषणपरइति वदन्ति। नारदेन तु सूर्यं हित्वा सप्तदशाचार्या एव स्वसंहितायां प्रकाशिताः। तत्रापि ब्रह्माचार्यो वसिष्ठोऽत्रिरित्यादौ ब्रह्मसूर्यौ वसिष्ठोऽत्रिरित्यनेपाठं वदन्ति।

अथाहो एते संहिताकारा महात्मनो लगधस्य न कुर्व्वन्ति चर्चाम्। येन महात्मना वेदाङ्गमूलरूपं ज्योतिषं पञ्चवर्षयुगवर्णन परं विलक्षणं चक्रे।

सूर्येण मयासुराकृते ब्रह्मणा नारदाय व्यासेन स्वशिष्याय वसिष्ठेन माण्डव्यवामदेवाभ्यां पाराशरेण मैत्रेयाय पुलस्त्याचार्यो गर्गोत्रिभिश्चैवं स्वस्वशिष्येभ्यो ज्योतिःशास्त्र विशेषाः प्रतिपादिताः। तथाचाह पराशरः।

"नारदाय यथा ब्रह्मा, शौनकाय सुधाकरः।
माण्डव्यवामदेवाभ्याम्, वसिष्ठोयत्पुरातनम्॥
नारायणो वसिष्ठाय, रोमेशायापिचोक्तवान्।
व्यासःशिष्याय सूर्योऽपि, मयासुराकृतेस्फुटम्॥
पुलस्त्याचार्य्यगर्गात्रि, रोमकादिभिरीरितम्।
विवस्वता महर्षीणाम्, स्वयमेव युगेयुगे॥
मैत्रेयाय मयाप्युक्तम्, गुह्यमध्यात्मसंज्ञकम्।
शास्त्रमाद्यं तदेवेदम्, लोकेयच्चाति दुर्लभम्॥

(१)–"सूर्यःपितामहो व्यासो वसिष्ठोऽत्रिपराशरः। काश्यपोनारदोगर्गो मरीचिर्मनुरङ्गिराः॥
लोमशःपौलिशश्चैव च्यवनो यवनो भृगुः। शौनकोऽष्टादशाश्चैते ज्योतिःशास्त्रप्रवर्त्तकाः॥
पराशरश्च——विश्वसृड्नारदो व्यासो वसिष्ठोऽत्रि पराशरः। लोमशोयवनः सूर्यश्च्यवनः कश्यपो भृगुः॥
पुलस्त्य मनुराचार्यो पौलिशःशौनकोऽङ्गिराः। गर्गोमरीचिरित्येते ज्ञेयाज्योतिःप्रवर्त्तकाः"॥

अथैतेषामाचार्याणां समयादिनिरूपणं तत्तद्रचितसिद्धान्तानामलाभेऽतीव काठिन्यमतोऽस्माभिस्तावज्ज्योतिषसिद्धान्तग्रन्थकारपुरुषाणां तासुत्तरोत्तरं खण्डनप्रतिखण्डनद्वारेण बहुविशेषरचयितॄणां यावच्छक्यं तत्तद्ग्रन्थसर्वस्थलानां सम्यगवलोकनेन समयादिकं निरूप्यते ॥

उपरोक्त संस्कृत का आशय—नीचे लिखे सिद्धान्तज्योतिष के ग्रन्थों के नाम तो पाये जाते हैं पर ये ग्रन्थ नहीं मिलते अतएव ये ग्रन्थ कब २ बने इस का पता लगाना कठिन है ॥

## सिद्धान्त ज्योतिष ग्रन्थों के नाम ॥

| ग्रन्थ नाम । | ग्रन्थ नाम । | ग्रन्थ नाम । | ग्रन्थ नाम । |
|---|---|---|---|
| १ ब्रह्मसिद्धान्त । | ६ मनुसिद्धान्त । | ११ पुलस्तसिद्धान्त । | १६ च्यवनसिद्धान्त |
| २ मरीचिसिद्धान्त । | ७ अङ्गिरासिद्धान्त । | १२ वसिष्ठसिद्धान्त । | १७ गर्गसिद्धान्त । |
| ३ नारदसिद्धान्त । | ८ बृहस्पतिसिद्धान्त । | १३ पराशरसिद्धान्त । | १८ पुलिससिद्धान्त । |
| ४ कश्यपसिद्धान्त । | ९ अत्रिसिद्धान्त । | १४ व्याससिद्धान्त । | १९ लोमशसिद्धान्त । |
| ५ सूर्य्यसिद्धान्त । | १० सोमसिद्धान्त । | १५ भृगुसिद्धान्त । | २० यवनसिद्धान्त । |

## आधुनिक पौरुष ज्योतिष ग्रन्थ ॥

| ग्रन्थ नाम । | ग्रन्थ कर्त्ता | ग्रन्थनिर्माणकाल | स्थान |
|---|---|---|---|
| १ आर्य्यभटीय । | पं० आर्यभट | ४२३ शाके | पटना |
| २ पञ्चसिद्धान्तिका । | पं० वराहमिहिर | ४२७ ,, | कालपी |
| ३ ब्रह्मस्फुटसिद्धान्त । | पं० ब्रह्मगुप्त | ५२० ,, | भीलमाल (दक्षिणपश्चिमोत्तर) |
| ४ द्वितीयआर्यसिद्धान्त । | द्वितीयआर्यभट्ट | ८७५ ,, | —— |
| ५ सिद्धान्त शिरोमणि । | पं० भास्कराचार्य्य | १०७२ ,, | दौलताबाद |
| ६ सिद्धान्तसार्वभौम । | पं० मुनीश्वर | १५२५ ,, | एलचपुर |
| ७ तत्त्वविवेक । | पं० कमलाकर भट्ट | १५८० ,, | विदर्भ |

## आर्यभटीय ॥

उपलब्ध पौरुष ज्योतिष ग्रन्थों में सब से पुराना—"आर्यभटीय" है। आर्यभट नामक ज्योतिषी ने आर्याछन्द के १२० श्लोकों में इस ग्रन्थ को शाके ४२३ में—स्थान कुसुम पुर ( विहार प्रान्त के अन्तर्गत पाटलिपुत्र या पटना ) में बनाया और इस ग्रन्थ का नाम "आर्यभटीय" रक्खा। लोग इसे "आर्य-सिद्धान्त," "लघु आर्यसिद्धान्त" या "प्रथमार्य—सिद्धान्त" भी कहते हैं। आर्य-भट स्वयं अपने जन्मस्थान एवं ग्रन्थ निर्माणकाल के विषयमें यों लिखते हैं कि——

"ब्रह्म कु शशिबुधभृगुरविकुजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य ।
आर्य्यभटस्त्विह निगदति कुसुम पुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्॥१॥आ०भ०गी०१०

भा०:—पृथिवी, चन्द्रमा, बुध, शुक्र, आदि अधिष्ठित परब्रह्म को नम-

स्कार कर आर्यभट इस 'कुसुम पुर' (पटना) के लोगों से समाहृत आर्यभटीय ग्रन्थ को कहते हैं ॥ १ ॥ पुनः—

"षष्ट्यब्दानां षष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादाः ।

त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीताः ॥ आ० भ० गी० ३ श्लो० ॥१०॥

भा०:—इस वर्त्तमान २८ वीं चौयुगी के चतुर्थ भाग में से तीसरे भाग के ६० वर्ष वीतने पर मेरा ( आर्यभट का ) जन्म हुआ । और मेरे जन्म काल से अब तक २३ वर्ष वीत गयीं । वर्त्तमान महायुग के चतुर्थपाद के ३६०० सौ वर्ष वीतने पर मेरी उमर २३ वर्ष की हुई । इसी समय मैं ने इस ग्रन्थ को रचा ॥ १० ॥ पुनः आर्यभट ने यह भी लिखा है कि मैं ने यह ग्रन्थ प्राचीन वैदिक ज्योतिष के अनुसार ही बनाया है—इसे नवीन रचना समझ कर लोग इस की निन्दा न करेः—

" सदसज्ज्ञान समुद्रात् समुद्धृतं देवताप्रसादेन ।

सज्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नं स्वमति नावा ॥" आ० भ० गी० ४ श्लो० ४९

भा०:—ज्योतिषशास्त्ररूपी समुद्र में अपनी बुद्धिरूपी नौका पर सवार हो समुद्र में निमग्न होकर ब्रह्मा (ब्रह्माकृत वेदाङ्ग ज्योतिष) की कृपा से सद्ज्ञान रूप रत्न को मैं ने (आर्यभट ने) बाहर किया अर्थात् प्रकाशित किया॥४९॥पुनः—

" आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत् ।

सुकृतायुषोः प्रणाशं कुरुते प्रति कञ्चुकं योऽस्य ॥ आ० भ० गी० ४ श्लो० ५०

भा०:—आदि काल में जिस ज्योतिषशास्त्र को वेद से निकाल कर लोक में—प्रचार किया गया उसी ज्योतिषशास्त्र को अर्थात् वैदिक ज्योतिषशास्त्रको मैं ने ( आर्यभट ने ) "आर्यभटीय" नाम से प्रकाशित किया । इस शास्त्र में जो कोई व्यक्ति मिथ्या दोष दिखलाकर इस का तिरस्कार करेगा—उस के सुकृत, पुण्य वा यश एवं आयु का नाश होगा ॥ ५० ॥

इस "आर्यभटीय" में दो मुख्य भाग हैं और १०८ आर्या छन्द के श्लोक हैं अतएव कोई २ इस को "आर्याष्टशत" भी कहते हैं। इन दो भागों को कोई २ टीकार—भिन्न २ दो ग्रन्थ मानते हैं—जैसा कि—इस के टीकाकारों में से सूर्ययज्वन्—टीकाकार ने—इन भागों को दो प्रबन्ध मानकर प्रत्येक की आदि में विघ्न शान्त्यर्थ मङ्गलाचरण किया है; अतएव बहुत से लोगों ने इन दो भागों को भिन्न २ ग्रन्थ माना है । परन्तु ग्रन्थ देखने से मालूम होता है कि एक भाग दूसरे भाग पर अवलम्ब रखता है। अर्थात् यदि एक को छोड़ दिया जावे तो दूसरे का कुछ उपयोग नहीं रहता । इस लिये दोनों को मिलाकर एक सिद्धान्त मानना ठीक है। स्वयं आर्यभट ने भी प्रथम भाग का कोई पृथक नाम

नहीं रक्खा है और न उस के अन्त में उपसंहार ही किया है, एकत्र पूरे (दोनों भागों का) ग्रन्थ के अन्त में ही उपसंहार किया है और "आर्यभटीय" ऐसा नाम रक्खा है। इसीप्रकार ग्रन्थकार ने ग्रन्थ भर में चार पाद रक्खे हैं पाद का अर्थ चौथा भाग है और चतुर्थ भाग किसी पूरे १६ अंशों की वस्तु में होता है—अतएव प्रथम पाद के पूर्व दो श्लोक, प्रथम पाद में १० श्लो०, द्वितीय में ३३ श्लो०, तृतीय पाद में २५ और चतुर्थ में ५०, यों सब मिल कर १२० श्लोक हैं। परन्तु "आर्याष्टशत" इस लेख को देख कर बहुतसे युरोपियन विद्वानों ने भ्रम से इस ग्रन्थ में ८०० श्लोकों का होना माना है। जो श्रीमान् डाक्टर करण साहब के—सन् १८७४ ई० के छप वाये संस्कृत टीका-सहित आर्यभटीय के देखने से पाश्चात्य विद्वानों का ८०० आर्या श्लो० होने का भ्रम दूर हुआ। आर्यसिद्धान्त नाम से एक दूसरा भी ज्योतिष ग्रन्थ—प्रसिद्ध है—उस पर विचार किया जाता है।

## द्वितीय आर्य्यसिद्धान्त ॥

ये आर्यभट शाके ८७५ में हुए "प्रथम आर्यभट" के अतिरिक्त यह एक द्वितीय "आर्यभट" नवीन हुए; अतएव इन्हें "द्वितीयआर्यभट" और इन के ग्रन्थ को "द्वितीयआर्यसिद्धान्त" कहते हैं। पूना के "दक्षिण-कालिज" में "द्वितीय आर्यसिद्धान्त की एक प्रति है जिस पर "लघुआर्य-सिद्धान्त" लिखा है, परन्तु स्वयं ग्रन्थकार ने अपने ग्रन्थ में ग्रन्थ का नाम "लघु" या "बृहत्" कुछ भी नहीं लिखा है। इस ग्रन्थ के पहिली "आर्या" (छन्द) में लिखा है कि—

"विधि ध खगागम पाटी कुट्टक बीजादि दृष्टशास्त्रेण।
आर्यभटेन क्रियते सिद्धान्तो रुचिर आर्याभिः" ॥

भाः—इन ने अपने ग्रन्थ को "सिद्धान्त" ऐसा लिखा है इस के पूर्व के "आर्यभट" से यह नवीन हैं, (जो आगे सिद्ध होगा) इसलिये इन को "द्वितीय आर्यभट" और इन के सिद्धान्त को "द्वितीय आर्यसिद्धान्त" कहते हैं। इन ने अपना ग्रन्थ निर्माण या जन्मकाल के विषय में कुछ नहीं लिखा है। किन्तु "पराशरसिद्धान्त" ग्रन्थ का मध्यम मान दिया है इससे इन ने दोनों सिद्धान्त ग्रन्थों का उल्लेख किया है।

"एतत् सिद्धान्तद्वयमीषद्याते कलौ युगे जातम्" ॥ २ ॥ अध्याय २ ॥

इस के अनुसार कलियुग के थोड़े ही समय वीतने पर ये दोनों सिद्धान्त रचे गये ऐसा दिखलाने का—इन का उद्देश्य है।

परन्तु ब्रह्मगुप्त के अनन्तर यह ग्रन्थ रचा गया ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है। इस का कारण यह है कि यह अपने सिद्धान्त को कलियुग के आरम्भ ही में बनना बतलाते हैं, इस से अपने ग्रन्थ को पौरुष ग्रन्थकारों में गणना करते हैं। ब्रह्म गुप्त के पहिले इन के ग्रन्थोल्लिखित वर्तमान या अन्यान्य मानों का वस्तुतः कहीं प्रचार होने का कोई प्रमाण नहीं मिलता। और ब्रह्म गुप्त ने अपने ग्रन्थ में आर्यभट-के दूषणों को सब से पहिले दिखलाया है। इस से ब्रह्मगुप्त के पहिले प्रथम-आर्यभट हुए यह सिद्ध होता है। द्वितीय आर्यभट के सिद्धान्त के किसी विषय का उल्लेख ब्रह्मगुप्त ने नहीं किया, यदि द्वितीय-आर्यभटग्रन्थ उस समय या उससे पहिले बना होता तो अवश्य इस का भी उल्लेख ब्रह्मगुप्त करते। "पञ्चसिद्धान्तिका" (जो शाके ४२७ का बना है) में अयनगति का उल्लेख कुछ भी नहीं दीखता। पहिला आर्यभट, ब्रह्मगुप्त, लल्ल, इन के ग्रन्थों में अयनगति का वर्णन नहीं है और इस द्वितीय आर्यसिद्धान्त में इसका वर्णन है। अधिक क्या कहा जावे-प्रथम आर्यभट के जो २ दूषण ब्रह्मगुप्त ने दिखलाये हैं, उस २ के उद्धार का यत्न द्वितीय, आर्यभट ने किया है। इन के ग्रन्थ में युगपद्धति (सत, त्रेता, द्वापर, कलि) है, कल्प का आरम्भ रविवार को माना है, और पहिला आ० भ० में युग के आरम्भ में मध्यमग्रह एकत्र रहते, स्पष्टग्रह एकत्र नहीं रहते ऐसा लिखा है। इसका खण्डन ब्रह्मगुप्त ने किया है (अ० २। आर्या ४६) परन्तु द्वितीय आर्यभट के प्रमाण से सृष्टि के आरम्भ में स्पष्ट ग्रह एकत्र होते हैं इन सब प्रमाणों से ब्रह्मगुप्त के अनन्तर अर्थात् शाके ५८७ के अनन्तर ये आ० भ० थे। यह उस समय का प्राचीन सिद्धान्त माना जाता और अर्वाचीन सिद्धान्त सब से पहिले आर्यकुलभूषण पं० भास्करा चार्य ने रचा। सिद्धान्त शिरोमणि के स्पष्टाधिकार के ६५ वें श्लोक में लिखा है कि "आर्यभटादिभिः सूक्ष्मत्वार्थं दृक्कोणोदयाः पठिताः" दृक्कोण अर्थात् राशि का तीसरा अंश (१० अंश)। प्रथम आर्यभट ने लग्नमान को तीस २ अंशों में किया है। दश २ अंशों का नहीं। परन्तु द्वितीय आ० भ० ने अ० ४ आर्या ३८-४० में दृक्कोणोदय (लग्नमान) कहा है। इस प्रमाण से दृक्कोणोदय साम्प्रत द्वितीय आर्यभट को छोड़ अन्य किसी ग्रन्थ में नहीं लिखा है। इस के अनुसार भास्कराचार्य के उक्त वाक्यानुसार आ० भ० पहिला नहीं, किन्तु द्वितीय आ० सि० ही सिद्ध होता है। जिस के अनुसार शाके १०७२ के पूर्व द्वितीय आर्यभट थे, ऐसा निश्चय होता है। द्वितीय आ० भ० ने अयनांश निकालने की रीति दियी है, इस के अनु-

सार अयनगति एकसी नहीं रहती वरण उस में बहुत न्यूनाधिक्य होता है। परन्तु अयन गति सर्वदा एकसी रहती-ऐसा मानने पर भी इसकी सूक्ष्म गति मानी जाती है जिससे उस में बहुत थोड़ा अन्तर पड़ता है। आधुनिक सूर्य-सिद्धान्तोक्त अयनगति सब काल में एकसी रहती है परन्तु इस का काल ज्ञात नहीं ऐसा लिखा है।

"राजमृगांक" ग्रन्थ में (शाके ९६४) अयनगति सब काल में एकसी रहती है ऐसा लिखा है। इस ग्रन्थ को पूर्व के बने ग्रन्थों में इस विषय के होने का प्रमाण अब तक नहीं मिला है। इस के अनुसार अयनगति का ज्ञान (बराबर) होने के पहिले द्वि० आ० भ० भटोत्पल के टीका में लिखा है। परन्तु दूसरे आ० भ० में ऐसा नहीं लिखा है जिस से द्वितीय आर्यभट भटोत्पल के पहिले थे ऐसा निश्चय होता है।

उपरोक्त प्रमाणों से द्वि० आ० भटोक्त मेष संक्रमण काल के उल्लेखानुसार-द्वितीय आर्यभट का समय ८७५-सिद्ध होता है।

इस द्वितीय आर्यसिद्धान्त में १८ अधिकार और ६२५ आर्या छन्द के श्लोक हैं। प्रथम १३ अध्यायों में करण ग्रन्थ के निराले २ अधिकारों का वर्णन है, चौदहवें में गोल सम्बन्ध विचार एवं प्रश्न हैं, १५ वें में १२० आर्या श्लो० में अङ्क गणित एवं क्षेत्रफल, धनफल का वर्णन है, १६ वें में भुवन कोश का वर्णन है, १७ वें में ग्रह मध्य की उपपत्ति इत्यादि हैं और १८ वें में बीजगणित, कुट्टक गणितहैं। इस में ब्रह्म गुप्त के ब्र० सि० से भी अधिक विषयहैं। इन ने संख्या दिख लाने का क्रम प्रथम आर्यभट से भी विलक्षण ही दिया है जैसा कि—

| वर्ण | वर्णबोधितसंख्या | वर्ण— | संख्या |
|---|---|---|---|
| क, ट, प, य,= | १ | च, त, ष= | ६ |
| ख, ठ, फ, र= | २ | छ, थ, स= | ७ |
| ग, ड, ब, ल= | ३ | ज, द, ह= | ८ |
| घ, ढ, भ, व= | ४ | झ, ध= | ९ |
| ङ, ण, म, श= | ५ | ञ, न= | ० |

"अङ्कानां वामतो गतिः" यह नियम प्रथम आर्यभट ने नहीं लिखा है।

हम ने यहां "द्वितीयआर्यभट" के समय आदि का विचार इस लिये किया है कि जिस से पाठकों को यह भ्रम न हो कि दोनों आर्यभटीय ग्रन्थों में पुराना कौनसा है-एवं दोनों ग्रन्थ एक ही ग्रन्थकार द्वारा बने या भिन्न २ द्वारा

इत्यादि। अब इस का आगे "प्रथम आर्यभटीय" का अनुवाद आरम्भ होगा।

हमारे देशके बहुतसे अमूल्य ग्रन्थ तो अङ्गरेजों से पहिले के आये हुए विधर्मियों के उपद्रव आदि कारणों से नष्ट भ्रष्ट हुए, उन से बचे बचाये ग्रन्थ, देश व विद्या के शत्रुओं (मूर्ख) के पास सड़तेहैं और उनका प्रचार नहीं होता, इससे बचे बचाये ग्रन्थ हमारे परम माननीय अङ्गरेजी गवर्नमेंट के सुप्रबन्ध से पुस्तकालयों तथा लन्दन, जर्म्मन आदि देशों में सुरक्षित हैं, परन्तु बड़े शोक की बात है कि जिन भारतवासियों के घर का रत्न समुद्र पार जावे, वे भङ्ग के तरङ्ग की गाढ़ निद्रा में कुम्भकरण की नाईं खर्राटे मार कर सोते हैं, और जगाने पर भी नहीं जगते-और इन्हीं अमूल्य ग्रन्थों का तर्जुमा विलायत आदि से होकर आता है तो उसे बड़े चाव से देखते हैं।

हमने अपने देश के गौरव रक्षार्थ ज्योतिष के पुराने ग्रन्थ-आर्यभटीय की एक प्रति जर्म्मन् देश से मंगवा कर पाठकों के अवलोकनार्थ सटीक सानुवाद प्रकाशित किया है। आशा है कि हमारे पाठकगण इस की एक २ प्रति मंगवा कर अपने स्वदेशीय रत्नोंका संचय कर हमारे परिश्रम को सफल करेंगे।

अनुवादक

# आर्यभटीयस्य विषयानां सूचीपत्रम् ॥

| विषय | पृष्ठाङ्क |
|---|---|
| गोल के भ्रमण का उपाय- | ८०-८१ |
| क्षेत्र कल्पना का प्रकार और अक्षावलम्बक— | ८१-८२ |
| स्वाहोरात्रार्द्ध— | ८२ |
| निरक्ष देश में राशि का उदय प्रमाण— | ८२-८३ |
| दिन रात्र की हानि वृद्धि । | ८२ |
| स्वदेशीय राशियों का उदय । | ८३-८४ |
| इष्टकाल में शङ्कु का लाना । | ८५ |
| शङ्कु अग्रा का लाना । | ८५-८६ |
| अर्क अग्रा का लाना । | ८६ |
| सूर्य का सम मण्डलप्रवेश काल में शङ्कु का लाना | ८६-८७ |
| मध्यान्ह शङ्कु और उस की छाया । | ८७ |
| दृक्क्षेप ज्या का लाना । | ८७-८८ |
| दृग्गति, ज्यावलम्बन योजन का लाना । | ८८-८९ |
| चन्द्रादि के उदयास्त लग्न सिद्धि के लिये अपने २ विक्षेप दृक् कर्म । | ८९ |
| आयन दृक्कर्म । | ८९-९० |
| चन्द्र, सूर्य, भूमि छाया के चन्द्र सूर्य ग्रहण के स्वरूप । | ९० |
| ग्रहणकाल । | ९०-९१ |
| भूछाया का दैर्घ । | ९१ |
| भूछाया के चन्द्रकक्षा प्रदेश में व्यास योजन का लाना । | ९१-९२ |
| स्थित्यर्ध का लाना । | ९२ |
| विमर्दार्धकाल का लाना । | ९२-९३ |
| ग्रस्त शेष प्रमाण- | ९३ |
| तात्कालिक ग्रास परिमाण- | ९३ |
| स्पर्श मोक्षादि ज्ञान- | ९३-९४ |
| गृहीत विम्ब स्याण वर्णन— | ९४-९५ |
| सूर्यग्रहण में अदृश्य भाग- | ९५ |
| स्वशास्त्र प्रतिपादित ग्रह गति से दृक् संपात द्वारा स्फुटत्व-- | ९५-९६ |
| शास्त्र का मूल- | ९६ |
| उपसंहार— | ९६ |

आर्यभटीय की विषयसूची समाप्त हुई ॥

॥ ओ३म् ॥

# अथार्यभटीयं ज्योतिषशास्त्रम् ॥

"यत्तेजः प्रेरयेत् प्रज्ञां सर्वस्य शशिभूषणम् ।
मृगटङ्काभयेष्टाङ्कन्त्रिनेत्रन्तमुपास्महे ॥
लीलावती भास्करीयं लघु चान्यच्च मानसम् ।
व्याख्यातं शिष्यबोधार्थं येन प्राक्तेन चाधुना ॥
तन्त्रस्यार्यभटीयस्य व्याख्याल्पा क्रियते मया ।
परमादीश्वराख्येन नाम्नात्र भटदीपिका ॥"

तत्रायमाचार्य आर्यभटो विघ्नोपशमनार्थं स्वेष्टदेवतानमस्कारं प्रतिपाद्य वस्तुकथनञ्चार्यरूपया करोति ॥

**प्रणिपत्यैकमनेकं कं सत्यां देवतां परं ब्रह्म ।**
**आर्यभटस्त्रीणि गदति गणितं कालक्रियां गोलम्॥**

इति ॥ कं ब्रह्माणं एकं कारणरूपेणैकं अनेकं कार्यरूपेणानेकं सत्यां देवतां देव एवदेवता। स्वयम्भूरेव पारमार्थिको देव अन्ये तेन सृष्टा इत्यपारमार्थिकाः। परब्रह्म जगतो मूलकारणं त्रिमूर्त्यतीतं सर्वव्याप्तं ब्रह्म स्वयम्भूरित्युक्तो भवति । आर्यभट एवं ब्रह्माणं प्रणिपत्य गणितं कालक्रियां गोलम्—इत्येतानि त्रीणि वस्तूनि निगदति । परोक्षत्वेन निर्देशान्निगदतीति वचनम्। तत्र गणितन्नाम सङ्कलितमिश्रश्रेढीदर्शधीकुट्टाकारच्छायात्रैराशिकाद्यनेकविधम् । इह तु कालक्रियागोलयोर्यावन्मात्रं परिकरभूतं तावन्मात्रं सामान्यगणितमेव प्रायशः प्रतिज्ञातम् । अन्यच्च किञ्चित्। कालस्य क्रिया कालक्रिया । कालपरिच्छेदोपायभूतं ग्रहगणितं कालक्रियेत्यर्थः । गोलन्नाम ब्रह्माण्डकटाहमध्यवर्त्याकाशमध्यग्रस्थंहनक्षत्रकक्ष्यात्मकं स्वमध्यस्थघनवृत्तभूमिकमपक्रमाद्यशेषविशेषोपेतं प्रवाहाख्यवायुप्रेरितं कालचक्रज्योतिश्चक्रभपञ्जरादिशब्दवाच्यं गोलः । स च

वृत्तक्षेत्रत्वाच्चतुरश्राद्यनेकक्षेत्रकल्पनाधारत्वाच्च गणितविशेषगोचर एव । एतत्त्रयमपि द्विविधम् । उपदेशमात्रावसेयन्तन्मूलन्यायावसेयञ्चेति । तत्र युगप्रमाणमन्दोच्चादिवृत्ताद्यपक्रमाद्युपदेशमात्रावसेयम् । इष्टदिनग्रहगतीष्टापक्रमस्वाहोरात्रचरदलादिच्छायानाडिकाद्युपदेशसिद्धयुगप्रमाणादितो न्यायावसेयम् । एवं द्वैविध्यम् ॥ अत्र स्वयम्भूप्रणामकरणेन करिष्यमाणस्य तन्त्रस्य ब्रह्मसिद्धान्तं मूलमिति च प्रदर्शितम् ॥

अथोपदेशावगम्यान्युगभगणादीन् सङ्क्षेपेण प्रदर्शयितुं दशगीतिकासूत्रं करिष्यन् तदुपयोगिनीं परिभाषामाह ॥

भा०:—अनेक देवताओं में परमश्रेष्ठ ब्रह्मा—जगत् स्रष्टा (जिस ने अनेक देवों को रचा ) को प्रणाम कर आर्यभट ( ग्रन्थकार ) ' गणित , 'कालक्रिया' और ' गोल विद्या ' इन तीन वस्तुओं को वर्णन करते हैं ॥

**वर्गाक्षराणिवर्गेऽवर्गे ऽवर्गाक्षराणि कात् ङ्मौ यः ।**
**खद्विनवके स्वरा नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्यवर्गे वा ॥**

इति=वर्गाक्षराणि वर्गे । ककारादीनि मकारान्तानि वर्गाक्षराणि । तानि वर्गस्थाने एकशतायुताद्योजस्थाने स्थाप्यानि । एवं क्रमेण संख्या वेद्या ॥ अवर्गे अवर्गाक्षराणि । यकारादीनि अवर्गाक्षराणि । तान्यवर्गस्थाने दशसहस्रलक्षादियुग्मस्थाने स्थाप्यानि । कात् ककारादारभ्य संख्या वेद्या । ककार एकसंख्यः खकारो द्विसंख्य एवं क्रमेण संख्या वेद्या । ञकारो दशसंख्यः । टकार एकादशसंख्यः । नकारो विंशतिसंख्यः । मकारः पञ्चविंशतिसंख्यः । एवं लिपिपाठक्रमेण संख्या वेद्या ॥ ङ्मौ यः । ङकारमकारयोर्योगेन तुल्यो यकारः । पञ्चसङ्ख्यायाः पञ्चविंशतिसंख्यायाश्च योगस्त्रिंशत्संख्य इत्यर्थः । अत्र प्रथमस्थानमङ्गीकृत्य त्रिंशदित्युक्तं नतु द्वितीयस्थानमङ्गीकृत्य । द्वितीयस्थाने हि त्रिसंख्यो यकारः । इत्युक्तं भवति । रेफादयः क्रमेण द्वितीयस्थाने चतुरादिसंख्यास्स्युः। हकारो द्वितीयस्थाने दशसंख्यः शतसंख्यावाचक इत्यर्थः । एवमवर्गस्थानविहितापि हकारसंख्या संख्यान्तरत्वेन वर्गस्थाने स्थाप्यते । एवं —कारादिसंख्या वर्गस्थानविहितात्यवर्गस्थाने संख्यान्तरत्वेन स्थाप्यते । एतद्धि न्यायतस्सिद्धम् । अत्रगतुल्यो यकार इति वक्तव्ये ङ्मौ य; इति वर्णद्वयेन यदुक्तं तेन संयुक्तैरप्यक्षरैस्संख्या प्रतिपादयिष्यत इति प्रदर्शितं भवति ॥ शून्यभूतानामनङ्गीकृतसंख्याविशेषाणां के प्रयुज्यन्ते । इत्यत्राह । खद्विनवके स्वरा नव

वर्गेऽवर्गे । इति । द्विनवकेऽष्टादशके नव स्वराः क्रमेण प्रयुज्यन्ते । अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ऐ, ओ, औ । इत्येते नव स्वराः । एतदुक्तं भवति । ककाराद्यक्षरगतास्स्वरास्स्थानप्रदर्शका भवन्ति न संख्याविशेषप्रदर्शका इति । कथं नवसंख्या अष्टादशके प्रयुज्यन्ते । इत्यत्राह । वर्गेऽवर्गे । इति । वर्गस्थानेषु नवस्वकाराद्या नव स्वराः क्रमेण प्रयुज्यन्ते । तथा अवर्गस्थानेषु च त एव । एवमन्यैरपि कल्प्यम् । तथा प्रथमस्वरयुतैर्यकारादिभिर्विहिता संख्या प्रथमे अवर्गस्थाने स्थाप्या । द्वितीयस्वरयुतैर्द्वितीये अवर्गस्थाने।एवमन्यैरपीति। एवमष्टादशस्थानेषु संख्या वेद्या।यदा पुनस्ततोऽधिकापि संख्या केनचिद्विवक्षिता तदा कथमित्यत्राह। नवान्त्यवर्गे वा। इति । नवानां वर्गस्थानानामन्त्ये ऊर्ध्वगते वर्गस्थाननवके तथा नवानामवर्गस्थानानामन्त्ये ऊर्ध्वगते अवर्गस्थाननवके च एते नव स्वराः प्रयुज्यन्ते वा । केनचिदनुस्वारादिविशेषेण संयुक्ताः प्रयोज्या इत्यर्थः । शास्त्रव्यवहारस्त्वष्टादशस्थानानि नातिवर्तते ॥

अथ चतुर्युगे रव्यादीनां भगणसंख्यामाह ।

भा०.—वर्ग के अक्षरों को (क, ख' ग, घ, ङ, च, छ, ज, झ, ञ, ट, ठ, ड, ढ, ण, त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म,) वर्ग के स्थान में एक से अयुत तकको "विषम" स्थान में रक्ख कर संख्या जाननी चाहिये । इसी प्रकार अवर्ग में अवर्ग के अक्षर जानना यकारादि (य, र, ल, व, श, ष, स, ह,) अवर्ग के स्थान में दशसहस्र, लक्ष, आदि को"सम" स्थान में रक्खे। ककारसे लेकरसंख्या जाननी अर्थात् क,से १, ख,से, २ ग,से ३ इत्यादि, म,से २५ इसप्रकार क को १ संख्या मानकर म पर्य्यन्तक्रमशः २५ संख्याहोंगी। ङ, और म. इन दोनों कीसंख्या का योग "य' की संख्याहै। प्रथम स्थान में य ३० का बोधक, द्वितीय स्थान में ३ का, इसी प्रकार 'र' ४० का बोधक और द्वितीय स्थान में ४ का बोधक है।हकारादि भी इसी प्रकार जानना। यहां ककारादि में जो अकारादि स्वर संयुक्त हैं वे संख्या प्रदर्शक नहीं हैं किन्तु स्थान प्रदर्शक हैं।अ, इ,उ, ए,ऐ, ओ, औ, ऋ, लृ, ये नव स्वर हैं–तो १८ संख्या स्थानों में नवस्वर क्यों कर रक्खे जावेंगे ? वर्ग स्थान में नव स्वर क्रम से प्रयुक्त होते हैं, उसी प्रकार अवर्ग स्थान में भी वेही नव स्वर हैं। इसी प्रकार औरों का भी जानना प्रथम स्वर युक्त यकारादि द्वारा संख्या कही जावे-उस को पहिले अवर्ग स्थान में, और द्वितीय स्वर युक्त को द्वितीय अवर्ग स्थान में रखनी । इसी प्र-

कार और भी १८ संख्या जाननी चाहिये। अगर १८ से अधिक संख्या हों, तो इसी नियमसे जानना। परन्तु शास्त्रों में १८ संख्या से अधिक का व्यवहार नहीं है।

भा०:-निम्न लिखित चक्र से (अक्षर द्वारा जो इस ग्रन्थ में संख्याओं का निर्देश हुआ है) गीतिका का अर्थ किया गया है।

## संख्याज्ञापक चक्र।

---

अक्षर। संख्या।
अ=१
इ=१००
उ=१००००
ऋ=१००००००

अक्षर संख्या।
ऌ=१००००००००
ए=१००००००००००
ओ=१००००००००००००
औ=१००००००००००००००

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क=१ | च=६ | ट=११ | त=१६ | प=२१ | य=३० | श=७० |
| ख=२ | छ=७ | ठ=१२ | थ=१७ | फ=२२ | र=४० | ष=८० |
| ग=३ | ज=८ | ड=१३ | द=१८ | ब=२३ | ल=५० | स=९० |
| घ=४ | झ=९ | ढ=१४ | ध=१९ | भ=२४ | व=६० | ह=१०० |
| ङ=५ | ञ=१० | ण=१५ | न=२० | म=२५ | | |

और नव स्वरों का योग, यदि वर्ग या अवर्ग अक्षरों के साथ होता है, तो वे १८ स्थानों के प्रदर्शक होते हैं। जैसेः—

क क्+अ=१
कि क्+इ=१००
कु क्+उ=१००००
कृ क्+ऋ=१००००००
क्ऌ क्+ऌ=१००००००००
के क्+ए=१००००००००००
कै क+ऐ=१००००००००००००
को क्+ओ=१००००००००००००००
कौ क्+औ=१००००००००००००००००

इसी प्रकार 'ख' का भी जानना।

ख ख्+अ=२
खि ख्+इ=२००
खु ख्+उ=२००००

इसी प्रकार और व्यञ्जनों का भी जानना
य और य्+अ=३०
यि य्+इ=३०००
यु य्+उ=३०००००
इत्यादि।
और
र र्+अ=४०
रि र्+इ=४०००
रु र्+उ=४००००० इत्यादि।

इति संख्यापरिभाषा-समाप्ता।

व

युगरविभगणाः ख्युघृ शशि चयगियिङुशुछ्लृ ङिशिबुण्लृ-ख्षृप्राक्शनि ढुङ्विघ्व गुरु खिृच्युभ कुज भद्लिझ्नुखृ भृगु-बुध सौराः ॥१॥

अष्टादशस्थानगतानां संख्यानां संज्ञा तुः-

"एकदशशतसहस्रायुतलक्षप्रयुतकोटयः क्रमशः।
अर्बुदमब्जं खर्वनिखर्वमहापद्मशङ्कवस्तस्मात् ॥
जलधिश्चान्त्य मध्यं परार्द्धमिति दशगुणोत्तरं संज्ञाः"

इत्यनेन वेद्या । युगरविभगणाः । चतुर्युगे रवेर्भगणाः ख्युघृ इति । उकारयुतखकारेणायुतद्वयमुक्तम् । उकारयुतयकारेण लक्षत्रयम् ।एवं सर्वत्र हल्द्वये एक एव स्वर उभयत्र सम्बध्यते । ऋकारयुतघकारेण प्रयुतचतुष्कम् । एवमनेन न्यायेन सर्वत्र संख्या वेद्या ॥ शशि । शशिन इत्यर्थः । सूत्रे ह्यविभक्तिकोऽपि प्रयोगस्स्यात् । चयगियिङुशुछ्लृ इति युगभगणाश्शशिनः। च षट् । य त्रिंशत् । गि त्रिशतम्। यि त्रिसहस्रम्। ङु अयुतपञ्चकम् ।शु लक्षसप्तकम् ।छृ प्रयुतसप्तकम् ।लृ कोटिपञ्चकम् । इति ॥ कु भूमेरित्यर्थः । ङिशिबुण्लृख्षृ इति भगणाः । प्राक् प्राग्गत्या सम्भूता भगणा इत्यर्थः । ण्लृ पञ्चदशार्बुदम्। नवमस्था ने पञ्चदशमस्थाने एकश्चेत्यर्थः। खृ प्रयुतद्वयम् । षृ कोट्यष्टकम्। भूमेर्यत्प्राङ् मुखंभ्रमणं तस्य चतुर्युगे संभूता संख्यात्रोक्ता । भूमिर्ह्यचलेति प्रसिद्धा तस्याःकथमत्र भ्रमणकथनम्। उच्यते। प्रवहाक्षेपात्पश्चिमाभिमुखं भ्रमतो नक्षत्रमण्डलस्य मिथ्याज्ञानवशाद्भूमेर्भ्रमणं प्रतीयते तदङ्गीकृत्येह भूमेर्भ्रमणमुक्तम् । वस्तुतस्तु न भूमेर्भ्रमणमस्ति । अतो नक्षत्रमण्डलस्य भ्रमणप्रदर्शनपरमत्र भूभ्रमणकथनमितिवेद्यम् । वक्ष्यति च मिथ्याज्ञानम्

अनुलोमगतिर्नौस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत् ।
अचलानि भानि समपश्चिमगानि लङ्कायाम् ॥

इति । अहोरात्रेण हि भगोलस्य समस्तभागभ्रमणादर्द्धं रवेर्दिनगतितुल्यभागोऽपि भ्रमति । अतो रवेर्युगभगणायुतभूदिवसैस्तुल्या नक्षत्रमण्डलस्य भ्रमणमितिभवति । सैवात्रोक्ता स्यात् ॥ शनि ढुङ्विघ्व इति । शनेर्युगभगणाः । ढु-अयुतानाञ्चतुर्दश । ङि पञ्चशतम् । वि षट्सहस्रम् । घ चत्वारि । व षष्टिः ॥

गुरु ख्रिऋयुभ इति । गुरोर्भगणाः। खि इति द्विशतम् । रि इति चतुस्सहस्रम् । ऋु इत्ययुतषट्कम् । यु इति लक्षत्रयम्। भ इति चतुर्विंशतिः॥ कुज भद्लिक्नुखृ इति । कुजस्य भगणाः । भ चतुर्विंशतिः । दि अष्टशताधिकसहस्रम् । लि पञ्च सहस्रम् । कु अयुतनवकम्। नु लक्षद्वयम्। खृ प्रयुतद्वयम्। अत्र संख्यायोगेभगणसिद्धिः॥ भृगुबुध सौराः। भृगुबुधयोर्युगभगणास्सौरा एव। सूर्यभगणाः ख्युघृएव॥

एवं प्रथमसूत्रेण रव्यादीनां युगभगणान् प्रदर्श्य द्वितीयसूत्रेण चन्द्रोच्चभगणान् बुधभृग्वोश्शीघ्रोच्चभगणांश्च शेषाणां कुजगुरुशनैश्चराणां शीघ्रोच्चञ्च चन्द्रपातभगणांश्च भगणारम्भकालञ्चाह ।

**चन्द्रोच्च जुष्खिध बुध सुगुशिथृन भृगु जषबिखुछृ शेषार्काः।**
**बुफिनच पातविलोमा बुधान्हयजार्कोदयाच्च लङ्कायाम् ॥२॥**

चन्द्रोच्चस्य जुष्खिध इति भगणाः । र्जुष्खिध इति वा पाठः । जु अयुताष्टकम्। रु लक्षचतुष्कम् । षि अष्टसहस्रम्। खि द्विशतम्। ध एकोनविंशतिः॥ बुधस्य शीघ्रोच्चभगणाः सुगुशिथृन इति। सु लक्षनवकम् ।गु अयुतत्रयम्। शि सप्तसहस्रम्। थृ प्रयुतसप्तदशकम्।न विंशतिः॥ भृगोश्शीघ्रोच्चभगणा जषबिखुछृइति। ज अष्टौ। ष अशीतिः । विशतत्रयाधिकद्विसहस्रम् । खु अयुतद्वयम् ।छृ प्रयुतसप्तकम्॥ शेषार्काः। शेषाणां कुजगुरुमन्दानां शीघ्रोच्चभगणा आर्काः । अर्कभगणा एव । उपरिष्टादेषां मन्दोच्चांशान्वक्ष्यति । अत इहोक्ताश्शीघ्रोच्चभगणा इति सिध्यति॥ बुफिनच इति पातस्य चन्द्रपातस्य विलोमात्मकभगणाः । बु अयुतानां त्रयोविंशतिः । फि शतद्वयाधिकसहस्रद्वयम् । न विंशतिः । च षट् ॥ कुजादीनां पातभगणान्वक्ष्यति । अर्कस्य तु विक्षेपो न विधीयते । अत एते चन्द्रपातस्य भगणा इति सिध्यति । उच्चपातानां ठ्योम्नि दर्शनं नास्ति । तथा च ब्रह्मगुप्तः—

" प्रतिपादनार्थमुच्चाः प्रकल्पिता ग्रहगतेस्तथा पाताः । "

इति॥ बुन्हयजार्कोदयाच्च लङ्कायाम् । कृतयुगादौ बुधवारे लङ्कायां सूर्योदयमारभ्य । अजात् मेषादिमारभ्य राशिचक्रे गच्छतां रव्यादीनां भगण अत्रोक्ता इत्यर्थः।सूर्योदयो मध्यसूर्योदयः कल्पारम्भस्तु स्फुटसूर्योदयः। तत्र मध्यमस्फुटयोर्विशेषाभावात् ॥ कल्पकालान्तर्गतमनून् गतकालञ्च तृतीयसूत्रेणाह ।

| ग्रहगण । | युगीय भगणसंख्या । |
|---|---|
| पृथिवी | १५८२२३७५०० |
| सूर्य्य | ४३२०००० |
| चन्द्रमा | ५७७५३३३६ |
| बृहस्पति | ३६४२२४ |
| मङ्गल | २२९६८२४ |
| शुक्र | ४३२०००० |
| बुध शीघ्रोच्च | १७९३७०२० |
| सावन दिन | १५७७९१७५०० |
| चन्द्रोच्चभगण | ४८८२१९ |
| चन्द्रपातभगण | २३२२२६ |
| बुधपातभगण | ४३२०००० |
| शुक्रशीघ्रोच्चभगण | ७०२२२३८८ |
| शनिभगण | १४६५६४ |
| सौर मास | ५१८४०००० |
| अधिमास | १५९३३३६ |
| चान्द्रमास | ५३४३३३३६ |
| तिथि | १६०३००००८० |
| क्षयाह | २५०८२५८० |

वर्षमान दिन ३६५ घ १५ प ३१ वि १५ ॥ १, २ ॥

**काहोमनवो ढ मनुयुग श्ख गतास्ते त मनुयुग छ्ना च ।**
**कल्पादेर्युगपादा ग च गुरुदिवसाच्च भारतात्पूर्वम् ॥३॥**

काहोमनवो ढ । क कस्य ब्रह्मणः । अहः अह्नि मनवो ढ चतुर्दश भवन्ति । मनुयुग श्ख । एकैकस्य मनोः काले युगानि चतुर्युगाणि श्ख । श सप्ततिः । ख द्वयम् । द्वासप्ततिरित्यर्थः । गतास्ते च । एतस्माद्वर्तमानात्कलियुगात्पूर्वमतीतास्ते मनवः । च षट् । मनुयुग छ्ना च । वर्तमानस्य सप्तमस्य मनोः । अतीतानि चतुर्युगाणि छ्ना । छा सप्त । ना विंशतिः । सप्तविंशतिरित्यर्थः । स्वराणां ह्रस्वदीर्घयोर्न विशेषः । अकारसदृश एवाकारः ॥ कल्पा-

देर्युगपादा ग च गुरुदिवसाच्च भारतात्पूर्वम्। युगपादा ग च। वर्तमानस्याष्टा-विंशस्य चतुर्युगस्य ग पादाश्च। त्रयः पादाश्च। गता भवन्ति। अस्मिन्सू-त्रेऽनाद्य चकारत्रयं न सङ्ख्याप्रदर्शकम्॥ कदा एवमित्यत्राह। कल्पादेर्भारताद्गुरु-दिवसात्पूर्वमिति। भारता युधिष्ठिरादयः। तैरुपलक्षितो गुरुदिवसो भारतगु-रुदिवसः। राज्यं चरतां युधिष्ठिरादीनामन्त्यो गुरुदिवसो द्वापरावसानगत इत्यर्थः। तस्मिन्दिने युधिष्ठिरादयो राज्यमुत्सृज्य महाप्रस्थानं गता इति प्र-सिद्धिः। तस्माद्गुरुदिवसात्पूर्वं कल्पादेरारभ्य गता मन्वादय इहोक्ताः।इत्य-र्थः। अस्मिन्पक्षे युगानि परस्परसमानि युगपादश्च चतुर्युगचतुर्थांशः। अन्य-था चेत् बुधवारादिके चतुर्युगे कलियुगारम्भश्शुक्रवारे न संभवति। अतः कृ-तयुगारम्भो बुधवार इति। बुधान्ह्यजार्कोदयाच्च लङ्कायामिति। पठिताश्च प्रकाशिकायां कलियुगादेः प्रागतीताः कल्पदिवसाः शराश्विषट्खाद्रिशराद्रि-वेदकृतेषुयुग्मनखरसमितः स्यात्। इति। अहर्गणो नात्र विशेष्यः। अनेनापि युगानां समयस्सिध्यति॥ चतुर्थेन सूत्रेण राश्यादिविभागमाकाशकक्ष्यायोजन-प्रमाणं प्राणकलयोः क्षेत्रसाम्यं गृहनक्षत्रकक्ष्यायोजनप्रमाणञ्चाह।

भाः—ब्रह्मा के दिनमें चौदह मनु होतेहैं।और एक मन्वन्तर में ७२ महायुग होते हैं। छः मनु पूरे बीत गये, सातवें मनु के २७ वां युग भी पूरा बीत गया और वर्त्तमान युग के तीन पाद भी बीत गये (सत्, त्रेता, द्वापर) और शुक्रवार से कलियुग का आरम्भ हुआ—गुरुवार को द्वापर समाप्त हुआ ( महाराजा युधिष्ठिर ने राज्य किया ) इस प्रकार आर्यभट्ट के मत से सृष्टि के आरम्भ से वर्त्तमान कलियुग पर्यन्त १९८६ १२०००० वर्ष बीते हैं ( शाके ४२१ तक) आ-र्यभट्ट के मत से चारो युग ( सत्, त्रेता द्वापर, कलि ) बराबर हैं—अर्थात् चारो युगों की वर्ष संख्या न्यूनाधिक नहीं है। युग के चारों चरण बराबर हैं एवं इन के मत से मन्वन्तरों की सन्धि भीनहीं होती—इस लिये इनके मत से १ मन्वन्तर में ७२ युग होते हैं॥ ३॥

**शशिरा शयष्ठ चक्रं तेऽशकलायोजनानि यवञगुणाः।**
**प्राणेनैति कलां भूः*खयुगांशे ग्रहजवो भवांशे ऽर्कः॥४॥**

---

(*) प्रणेनैति कलांभूर्यदितर्हि कुतो व्रजेत् कमध्वानम्। आवर्त्तनमु-र्व्याश्चेन्न पतन्तिः समुच्छ्रयाः कस्मात्। ब्र० सि० अ० ११ ( देखो भूमिका )

शशिनश्चक्रं भगणा द्वादशगुणिता राशयः। शशिनो युगभगणा द्वादशगुणिता युगराशयो भवन्ति। भगणाद् द्वादशांशो राशिरित्युक्तं भवति। ते राशयो यगुणास्त्रिंशद्गुणिता अंशा भवन्ति। राशेस्त्रिंशांशो भाग इत्युक्तं भवति। ते ऽशा वगुणाःषष्टिगुणाः कला भवन्ति। अंशात् षष्ट्यंशः कलेत्युक्तं भवति। ताः कला ञगुणा योजनानि भवन्ति। शशिनो युगभवाः कला दशगुणिता आकाशकक्ष्यायोजनानि भवन्तीत्यर्थः। ब्रह्माण्डकटाहावच्छिन्नस्य सूर्यरश्मिव्याप्तस्याकाशमण्डलस्य परिधियोजनान्याकाशकक्ष्यायोजननीत्युच्यन्ते। खखषट्कद्वीषुखाश्विस्वराऽष्टद्व्यब्धिभास्करा इत्याकाशकक्ष्यायोजनानि॥ प्राणेनैति कलां भम्। प्राणनोच्छ्वासतुल्येन कालेन भं ज्योतिश्चक्रं कलामेति कलापरिमितं प्रदेशमवहवायुवशात्पश्चिमाभिमुखं गच्छति। खखषड्भूयमतुल्या हि ज्योतिश्चक्रगताः कलाः। चक्रभ्रमणकालनिष्पन्नाः प्राणाश्च तत्तुल्या इत्युक्तं भवति। अतोघटिकामण्डलगताः प्राणा राशिचक्रगताः कलाश्च क्षेत्रतस्तुल्या इति चोक्तं भवति॥ खयुगांशे ग्रहजवः। खमाकाशकक्ष्या। युगं ग्रहस्य भगणाः। आकाशकक्ष्यातो ग्रहभगणैराप्त ग्रहजवः। एकपरिवृत्तौ ग्रहस्य जवो गतिमानं योजनात्मकं भवति। ग्रहस्य कक्ष्यामण्डलपरिधियोजनमित्यर्थः॥ भवांशेऽर्कः। भस्य नक्षत्रमण्डलस्य कक्ष्याया वांशे षष्ट्यंशे अर्को भ्रमति। नक्षत्रकक्ष्यातःषष्ट्यंशेन तुलितार्ककक्ष्येत्युक्तं भवति। अत्र नक्षत्रकक्ष्या विधीयते। अर्ककक्ष्याहि पूर्वविधिनैव सिद्धा। अर्ककक्ष्या षष्टिगुणिता नक्षत्रकक्ष्या भवतीत्युक्तं भवति॥ पञ्चमेन योजनपरिमितिं भूम्यादर्योजनप्रमाणञ्च प्रदर्शयति।

भाः-चन्द्रमा के भगण को १२ से गुणन करने पर "राशि" होगी अर्थात् चन्द्रमा के युग के भगण को १२ से गुणन कर राशि होगी। (भगण के १२ भाग को राशि कहते हैं) राशि को ३० से गुणन करनेपर "अंश" होंगे, (राशिका ३० वां भाग अंश होताहै) अंश को ६० से गुणन करने से कला होगी, (अंश के ६० वें भाग को कला कहते हैं) कला को १० से गुणन करने पर योजन सख्या होगी अर्थात् चन्द्रमा के १ युग के कला को १० से गुणन करने पर गुणनफल आकाश कक्षा का (योजन में) परिमाण होगा। इतनी दूर में सूर्य के किरणों का प्रसार होता है। एक 'प्राण, (श्वास) में पृथिवी की गति पूर्व से पश्चिम को एक कला होती है। आकाश कक्षा से ग्रहों के

भगण द्वारा ग्रह का गत्यात्मक योजन होता है। अर्थात् ग्रह की कक्षा मण्डल परिधि योजन होगा।

नक्षत्र कक्षा के ६० वें भाग में सूर्य (अपनी परिधि में) भ्रमण करता है। अर्थात् नक्षत्र कक्षा से ६० वां अंश की बराबर सूर्य की कक्षा है। यहां नक्षत्रकक्षा कहने-से पूर्व सूत्र से सूर्यकक्षा ही सिद्ध है रविकक्षा को ६० से गुणन करने से नक्षत्र कक्षा होगी॥ ४॥

**नृषि योजनं ञिला भूव्यासोऽर्केन्द्वोर्घ्रिञा गिण क मेरोः।**
**भृगुगुरुबुधशनिभौमाश्शशि ङञणनमांशकास्समार्कसमाः॥५॥**

नृषि योजनम्। नृ नरप्रमाणानां षि अष्टसहस्रं योजनं योजनस्य प्रमाणं भवति॥ ञिला भूव्यासः। ञि सहस्रं ला पञ्चाशत्। एतानि भूमेर्व्यासप्रमाणयोजनानि॥ अर्केन्द्वोर्घ्रिञा गिण। अर्कमण्डलस्य व्यासप्रमाणयोजनानि घ्रिञा इति। घि चत्वारि शतानि। रि चत्वारि सहस्राणि। ञ दश। इन्दोर्गिण इति। गि त्रिशतम्। ण पञ्चदश॥ क मेरोः। मेरोर्व्यासयोजनप्रमाणं क। एकमित्यर्थः॥ भृग्वादीनां बिम्बयोजनानि क्रमाच्छशिनो बिम्बस्य योजनव्यासात् ङांशञांशणांशनांशमांशतुल्यानि। पञ्चांशदशांशपञ्चदशांशविंशांशपञ्चविंशांशतुल्यानीत्यर्थः॥ शशिकक्ष्यासाधिता एते व्यासाः। अतोविष्कम्भार्द्धहताश्चन्द्रस्य योजनकर्णभक्ता लिप्ता भवन्ति। पुनरपि ता विष्कम्भार्धहतास्स्वस्वमन्दकर्णशीघ्रकर्णयोर्योगार्धहतास्स्फुटा भवन्ति। इत्युपदेशः। तथाच मयः *।

"त्रिचतुः कर्णयुत्याप्तास्ते द्विघ्नास्त्रिज्यया हताः"।

इति। अत्र चन्द्रस्य योजनकर्णश्चन्द्रस्य मध्ययोजनकर्णः॥ समार्कसमाः। युगसमा युगार्कभगणसमा इत्यर्थः॥ ग्रहाणां विषुवत उत्तरेण दक्षिणेन चापयानप्रमाणं पुरुषप्रमाणञ्च षष्ठेन सूत्रेणाह।

भाः—८००० पुरुष ( हाथ का पुरुष) १ योजन होता है। इस योजन से १५०० योजन पृथिवी का व्यास है। सूर्य मण्डल का ४४१० योजन, चन्द्रमण्डल का व्यास ३१५ योजन, और मेरु (उत्तर या दक्षिण ) का व्यास १ योजन है। और शुक्र, बृहस्पति, बुध, शनि, मङ्गल, इन का बिम्बव्यास चन्द्रमा

(*) सूर्यसिद्धान्ते ग्रहयुत्याधिकारे॥ १४॥

के बिम्बव्यास के योजन संख्या से क्रम से ५ वां अंश, १० वां अंश १५, २०, २५, अंश, है। चन्द्रमा की कक्षा से ये व्यास सिद्ध होते हैं। यहां चन्द्रमा का योजन कर्ण से चन्द्रमा मध्ययोजन कर्ण जानना। युग में सूर्य के भगण के तुल्य जानना। ॥ ५ ॥

भाऽपक्रमो ग्रहांशाश्शशिविक्षेपोऽपमण्डलात्कार्धम् ।
शनिगुरुकुज खकगार्धं भृगुबुध ख स्चाङ्गुलो घहस्तो ना ॥६॥

भाऽपक्रमो ग्रहांशाः। ग्रहाणां भ अंशाश्चतुर्विंशतिभागा अपक्रमः। परमापक्रम इत्यर्थः। पूर्वापरस्वस्तिकात्त्रिराश्यन्तरे घटिकामण्डलापक्रम मण्डलयोरन्तरालं चतुर्विंशतिभागतुल्यमित्यर्थः॥ अपमण्डलाच्छशिनः परमविक्षेपो कार्धं नवानामर्धं सार्धाश्चत्वारोऽंशाः॥ शनिगुरुकुज खकगार्धम्। शनेर्विक्षेपः ख द्वावंशौ। गुरोः क एकांशः। कुजस्य गार्धं त्रयाणामर्धं सार्धोऽंशः। भृगुबुधख। भृगुबुधयोर्विक्षेपः ख द्वावंशौ॥ स्चाङ्गुलो घहस्तो ना। पुरुषस्स्चाङ्गुलो घहस्तश्च। स नवतिः। च षट्। षण्णवत्यङ्गुलः पुरुषः। घहस्तश्चतुर्हस्तश्च पुरुषः। नृवियोजनमित्यादौ नरशब्देन षण्णवत्यङ्गुलप्रमाणमुदितमित्युक्तं भवति। तदेव चतुर्हस्तप्रमाणं भवति। चतुर्विंशत्यङ्गुलैरेको हस्तो भवतीति चोक्तं भवति। अङ्गुलस्य परिमाणानुपदेशाल्लोकसिद्धमेवाङ्गुलं गृह्यते। उक्तञ्च तत्परिमाणं तन्त्रान्तरे। (लीलावत्याम्)

"यवोदरैरङ्गुलमष्टसंख्यैर्हस्तोऽङ्गुलैष्षड्गुणितैश्चतुर्भिः।
हस्तैश्चतुर्भिर्भवतीह दण्डः क्रोशस्सहस्रद्वितयेन तेषाम्" ॥

इति॥ इह विक्षेपकथने शन्यादीनां भृगुबुधयोश्च पृथग्ग्रहणं कृतम्। तेन तेषां तयोश्च विक्षेपानयने प्रकारभेदोऽस्तीति सूचितम्॥ कुजादीनां पञ्चानां पातभागान् सूर्ययुतानां तेषां मन्दोच्चांशांश्च सप्तमेन सूत्रेणाह।

भाः—ग्रहों का परमाक्रम २४ अंश है। अर्थात् 'पूर्वस्वस्तिक' और 'अपरस्वस्तिक' ३ राशि के अन्तर पर हैं " घटिकामण्डल" और " अपक्रममण्डल " के बीच का भाग २४ अंश है। " अपक्रममण्डल" से चन्द्रमा का "परमविक्षेप" $4\frac{1}{2}$ अंश है, शनि का विक्षेप २ अंश, गुरु का १ अंश, मङ्गल का $1\frac{1}{2}$ अंश शुक्र और बुध का विक्षेप २ अंश है। ४ हाथ का पुरुष होता है। और २४ अङ्गुल का १ हाथ एवं ९६ अङ्गुल का पुरुष होता है। ८ पेटे से पेटे मिले

हुए यव का १ अङ्गुल २४ अङ्गुल का १ हाथ ४ हाथ का १ दंड और २००० दंड का १ क्रोश होता है ॥ ६ ॥

बुधभृगुकुजगुरुशनि नवरषहा गत्वांशकान्प्रथमपाताः ।
सवितुरमीषाञ्च तथा द्वा अखि सा हृदा हृल्यखिच्य मन्दोच्चम् ॥ ७ ॥

बुधस्य पातांशाः न विंशतिः । भृगोः व षष्टिः। कुजस्य र चत्वारिंशत् ।गुरोः ष अशीतिः शनेः ह् शतम् ।गत्वांशकान्प्रथमपाताः। उक्तानेतानेवांशकान् मेषादितो गत्वा व्यवस्थिता बुधादीनां प्रथम पातास्स्युः प्रथमशब्देन द्वितीयोऽपि पातोऽस्तीति सूचितम् । स च प्रथमपाताच्चक्रार्धान्तरे स्थितस्स्यात् । विक्षेपमण्डलापमण्डलयोस्सम्पातस्थानं पातशब्देनोच्यते । तद्द्वयमत्र भवति । गत्वेति वचनात्तेषां पातानां गतिरभिप्रेता । गतिश्च विलोमा। पातविलोमा इत्यनेन पातानां विलोमगत्वमुक्तम् । अस्मिन्काले पातानां स्थितिरेवमित्युक्तं भवति ॥ सवितुर्मन्दोच्चं तथा द्वा । दा अष्टादश । वा षष्टिः । अष्टसप्ततिभागान् तथा मेषादितो गत्वा स्थितं सवितुर्मन्दोच्चमित्यर्थः । अमीषामुक्तानां बुधादीनां मन्दोच्चानि अखिरित्येवमादिभिरुक्तानि। बुधस्य मन्दोच्चं अखि दशाधिकशतद्वयभागाः । भृगोः सा नवतिभागाः । कुजस्य हृदा । हा शतं दा अष्टादश । अष्टादशाधिकशतभागाः । गुरोः हृल्य । ह शत ल पञ्चाशत् य त्रिंशत् । अशीत्यधिकशतभागाः । शनेः खिच्य। खि शतद्वयं च षट् य त्रिंशत्। षट्त्रिंशदुत्तरशतद्वयभागाः। गत्वेतिवचनादेषामपि गतिरभिहिता । गतिश्चानुलोमा चन्द्रोच्चवत् । अस्मिन्काल एव मन्दोच्चस्थितिरित्युक्तं भवति । पातोच्चानां बहुना कालेनैवाल्पोऽपि गतिविशेषस्संभवतीति मत्वा तेषां गतिरिहानभिहिता । उक्तञ्च शास्त्रान्तरे ( सूर्यसिद्धान्ते मध्याधिकारे ४१) तेषां कल्पभगणाः—

"प्राग्गतेस्सूर्यमन्दस्य कल्पे सप्ताष्टवह्नयः ।
कौजस्य वेदखयमा बौधस्याष्टर्तुवह्नयः ॥
खखरन्ध्राणि जैवस्य शौक्रस्याथगुणासवः ।
गोऽग्नयश्शनिमन्दस्य पातानामथ वामतः ॥
मनुदस्रास्तु कौजस्य बौधस्याष्टाष्टसागराः ।

कुजादिरुद्रा जैवस्य त्रिखाङ्काश्च गुरोस्तथा ॥
शनिपातस्य भगणाः कल्पे यमरसर्तवः „ ।

इति । गुरोरिति दैत्यगुरोरुक्तम् + । अस्मिन्पक्षे कलेः प्रागतीता ग्रहगतिविषयाः कल्पाब्दा लिख्यन्ते–

"खखाश्राद्रिनागषुवाणाङ्काः कलेस्समाः ।
प्राङ्निर्दिष्टा ग्रहाणान्तु चारारम्भात्ततोऽध्वगाः" ॥

इति । अस्मिन्पक्षे कुदिवसा अष्टादयहिखरेन्द्रगोऽग्न्यङ्कतिथयः । भटप्रकाशिकायामुच्चपातानां गतिरन्यथा प्रदर्शिता–

'खाकाशाष्टकृतद्विद्विव्योमेष्वद्रीषुवह्नयः ।
युगं बुधादिपातानां विद्वद्भिः परिपठ्यते ॥
एकद्वित्रिचतुष्पञ्च भगणाः परिकीर्तिताः ।
सौम्यारशुक्रजीवार्कपातानां क्रमशो युगे" ॥

एतैस्त्रैराशिकाद्यथोक्तपातसिद्धिः । इति । युगमत्र वर्षात्मकम् । एभिस्सिद्धानां पातानामुक्ता अंशा एव भवन्ति नतु कतिचिद्भगणाः । तेऽंशाः क्रमगता एव भवन्ति नतु विलोमगाः । तथा सूर्यबुधादीनाञ्च मन्दोच्चयुगं तद्भगणाश्च प्रदर्शिताः ।–

"रव्युच्चस्य रसैकाङ्कगिर्यष्टिनवशङ्कराः ।
सहस्रघ्ना युगं प्रोक्तं भगणाश्च त्रयोदश ॥
दन्तवस्वश्विरामाग्निवसुरामयमा युगम् ।
बुधोच्चस्य शतघ्नास्ते सप्तात्र भगणास्स्मृताः ॥ *
खखाब्धिवेदपञ्चाष्टिवेदनन्दाद्रयो युगम् ।
कवेस्सूरेस्तदर्धं स्यादेकस्तस्मिन् गणस्तयोः । † "

इति । सौरकुजयोस्तु तत्प्रकरणे ग्रन्थे पाठो दृश्यते । तयोरेवं पाठः कार्यः
"व्योमाम्बरशून्यकृताब्धिरुद्रशरवसुमतीषुशशितुल्यम् ।

---

+नैवं–भृगोरिति पाठस्य पुस्तकान्तरे दृष्टत्वाद्गुरोरिति पाठः प्रामादिक इत्यनुमेयम् ।

* प्रकाशिकापुस्तके शतघ्न स्यात् इति पाठो दृश्यते ॥

† प्रकाशिकापुस्तके एकस्तद्भगणस्तयोः । इति दृश्यते ॥

असितोच्चयुगं कोणं द्विगुणं भगणा इहेषवस्तु तयोः" ॥ +

इति । अत्रापि पठितभागा एव लभ्यन्ते नतु भगणाः । अतएवं प्रतीयते केनचिद्बुद्धिमता स्वबुद्ध्या परिकल्प्यैवं लिखितमिति । अस्मिन्पक्षे कलेः प्रागतीतास्समा लिख्यन्ते ।

" खखखाभ्राङ्कशगनागगोचन्द्राः प्राक्कलेस्समाः" ।

इति ॥ अष्टमेन सूत्रेण शशिनश्च पूर्वसूत्रोदितसूर्यबुधभृगुकुजगुरुशनीनाञ्च मन्दवृत्तानि शनिगुरुकुजभृगुबुधानां शीघ्रवृत्तानि चाह ।

भा०:-बुध का पात अंश २०, शुक्र का ६०, मङ्गल का ४०, वृहस्पति का ८०, शनि का १००, ये प्रथम पात हैं। ये उक्त पात अंश मेषादि राशि से चल कर बुध आदि के व्यवस्थित पात होते हैं, यहां प्रथम शब्द से द्वितीयपात का भी होना सूचित होता है। और वह प्रथमपात से चक्रार्द्धान्तर में स्थित है। "विक्षेप मण्डल" और "अपमण्डल" के सम्पात स्थान को "पात" कहते हैं। वेही दोनों यहां होते हैं। सूर्य का मन्दोच्च ७८ अंश, मेष आदि से चल कर स्थित होता है। बुध का मन्दोच्च २१० अंश, शुक्र का ९० भाग, मङ्गल का ११८ गुरु का १८० और शनि का २३६ भाग हैं ॥ ७ ॥

## कार्धानि मन्दवृत्तं शशिनश्छ ग छ घ ढ छ क यथोक्तेभ्यः। क गुड गल कूल दूड तथा शनिगुरुकुजभृगुबुधोच्चशीघ्रेभ्यः ॥८॥

कस्य नवानामर्धं कार्धानि । अर्धपञ्चमैरपवर्तितानि वृत्तानीहोच्यन्त इत्यर्थः। शशिनो मन्दवृत्तं छ सप्त । यथोक्तेभ्यः सूर्यबुधादिभ्यस्सिद्धानि वृत्तानि गादीनीत्यर्थः । ग्रहाणाञ्चांशाद्धि वृत्तपरिमितिः कल्प्यते । अतो ग्रहेभ्यो वृत्तानि भवन्ति । तत्र सूर्यस्य मन्दवृत्तं ग त्रीणि । मन्दवृत्तमेव शशिसूर्ययोर्भवतीति । बुधस्य छ सप्त । भृगोः घ चत्वारि । कुजस्य ढ चतुर्दश । गुरोः छ सप्त । शनेः क नव ॥ शनिगुरुकुजभृगुबुधोच्चशीघ्रेभ्यः । शीघ्रोच्चेभ्यः । शीघ्रोच्चनिमित्तशीघ्रगतिवशाज्जातानि वृत्तानि कादीनि । शनेः क नव । गुरोः गुड । ग त्रीणि । ड त्रयोदश । षोडशेत्यर्थः । कुजस्य गल । ग त्रीणि । ल पञ्चाशत् । त्रिपञ्चाशदित्यर्थः । भृगोः कूल । क नव । ल पञ्चाशत् । एकोनषष्टिरित्यर्थः । बुधस्य दूड । द अष्टादश । ड त्रयोदश । एकत्रिंशदित्यर्थः ।

---

+ प्रकाशिकापुस्तके "रुद्रशरशैलवसुमुनीन्दु समाः । इति पाठः । अपरत्र । भगणा नवेषवस्तु तयोः । इति लिखितम्—

अत्र मन्दशीघ्रवृत्तयोः क्रमभेदस्स्यात् तेन मन्दस्फुटशीघ्रस्फुटयोन्यायभेदस्सूचितः। यथा शीघ्रभुजाफलस्यकर्णसाध्यत्वं मन्दभुजाफलस्य तदभावश्च। अथवा मन्दकर्णतत्साधनानामविशेषकरणं शीघ्रकर्णतत्साधनानां तदभावश्चेति॥ एवमोजपदे वृत्तानि प्रदर्श्य युग्मे पदे वृत्तानि भूवायोः कक्ष्याप्रमाणञ्च नवम सूत्रेणाह।

भाः—चन्द्रमाकामन्दवृत्त७है(यहां $४\frac{१}{२}$ है परन्तु $५\frac{१}{२}$ से अपवर्तित वृत्त कहा जाता है)पूर्वोक्त सूत्र पठित सूर्य्य बुधादि से सिद्धवृत्त ग आदि है ग्रहों के अंश ही से वृत्तपरिमित कल्पना की जाती है—इस लिये ग्रहों से वृत्त होते हैं। सूर्य्य का मन्दवृत्त ३, सूर्य और चन्द्रमा का मन्द ही वृत्त होता है। बुध का ७, शुक्र का ४, मङ्गल का १४, गुरु का ७, शनि का ९, शीघ्रोच्चगति वशतः उत्पन्न वृत्त शनि का ९, गुरु का १६, मङ्गल का ५३, शुक्र का ५६, और बुध का ३१, होता है॥ ८॥

**मन्दात् ङ ख द ज डा वक्रिणां द्वितीये पदे चतुर्थे च।**
**जाणक्रछूल कूनोच्चाच्छीघ्रात् गियिङश कुवायुकक्ष्यान्त्या॥९॥**

वक्रिणां पूर्वसूत्रोदितानां बुधभृगुकुजगुरुशनीनां द्वितीये पदे चतुर्थे पदेच मन्दात् मन्दगतिवशाज्जातानि मन्दवृत्तानि ङादीनि। बुधस्य ङ पञ्च। भृगोः ख द्वे। कुजस्य द अष्टादश। गुरोः ज अष्टौ। शनेः डा त्रयोदश॥ पूर्वोक्तानां शनिगुरुकुजभृगुबुधानां शीघ्रादुच्चाच्छीघ्रोच्चगतिवशाज्जातानि शीघ्रवृत्तानि जादीनि। तानि च द्वितीयचतुर्थपादयोरुच्यन्ते। शनेः जा अष्टौ। गुरोः ण पञ्चदश। कुजस्य क्र। क एकम्। ल पञ्चाशत्। एकपञ्चाशत्। शुक्रस्य छूल। छ सप्त। ल पञ्चाशत्। सप्तपञ्चाशत्। बुधस्य कून। क नव। न विंशतिः। एकोनत्रिंशत्। अत्र द्वितीयचतुर्थपदोपदेशात्पूर्वोक्तानि प्रथमतृतीययोरिति चोक्तं भवति॥ कुवायोर्भूसंबन्धिनो वायोरनियतगतेरन्त्या कक्ष्या पर्यन्तभवा कक्ष्या गियिङश इति। गि शतत्रयम्। यि सहस्रत्रयम्। ङ पञ्च। श सप्ततिः। अत ऊर्ध्वं प्रवहोनाम वायुर्नियतगतिस्सदा भवति येन ज्योतिषश्चक्रमिदमपराभिमुखं भ्रमति॥ दशमसूत्रेण कालक्रियागोलोपयोगीनि ज्याभाग्याह॥

भा:-वक्री बुध, शुक्र, मङ्गल, गुरु और शनि का युग्म(सम)पद अर्थात् द्वितीय और चतुर्थ पद में मन्दगति वशतः मन्दवृत्त इस प्रकार होते हैं:—बुध के ५, शुक्र के २, मङ्गल के १८ बृहस्पति के ८, शनि का १३, पूर्वोक्त शनि, गुरु, कुज, शुक्र, बुध, के शीघ्रोच्चगति वशतः शीघ्रवृत्त होते हैं। द्वितीय और चतुर्थ पद में शनि के ८, गुरु के १४, मङ्गल के ५१, शुक्र के ५७, बुध के २९, भूवायु* ३,७५ पर्य्यन्त चलता है। इस के ऊपर प्रवह वायु रहता है ॥९॥

**मखि भखि फखि धखि णखि ञखि ङखि हस्क स्वकि किष्ग शृघकि किघ्व॥घ्लकि किग्र हक्य धाहा स्त स्ग श्क ङ्व ल्क प्त फ छ कलार्धज्याः ॥ १० ॥ ॥**

कलार्धज्याः कलात्मिका अर्धज्या इहोक्ता इत्यर्थः। समस्तज्या अर्धज्येति द्विविधा हि जीवा। चापाकारस्य वृत्तपरिधिभागस्यैकाग्रादपराग्रान्तगता रेखासमस्तज्येत्युच्यते। तदर्धमर्धज्येत्युच्यते। गोलकालक्रिययोरर्धज्यैव हि प्रायेण व्यवहारः। तस्मादिहार्धज्याप्रदर्शनं क्रियते। चतुर्विंशतिजीवा इह पठिताः अतो गोलपादस्य चतुर्विंशतिभागं चापं प्रकल्प्येह जीवाः कल्पिता इति प्रदर्शितं भवति आद्यजीवा मखि इति। पञ्चविंशत्यधिकशतद्वयम्। भखि चतुर्विंशत्यधिकशतद्वयम्। एवमन्याश्च वेद्या। अष्टमीहस्क इति। नवाङ्केकाः। स्वकि चन्द्राङ्केकाः। किष्ग त्रिवसुचन्द्राः। शृघकि वेदाद्रिमेकाः किघ्व वेदषडेकाः। घ्लकि वेदेषिन्दवः। किग्र त्रिमनवः। हक्य एकाग्निचन्द्राः। धाहा नवरुद्राः। स्त षड्दश। स्ग त्र्यङ्काः। श्क नवाद्रयः। ङ्व पञ्चरसाः। ल्क एकेषव। प्त सप्ताग्नयः। फ द्वयब्धिवनः। छ सप्त॥ अत्रैकचापोत्था जीवया रहिता द्वितीयज्या। चापत्रयोत्थजीवा चापद्वयोत्थजीवया रहिता तृतीयज्या। एवं परा अपि ज्ञेयाः। यद्यप्यर्धज्या एता युक्तितस्साध्यास्तथापि तासां बहुषु साधनत्वादिहोपदेशः कृत इति बोद्धव्यम्॥ दशगीतिकासूत्रपरिज्ञानस्य फलमाह।

---

* पृथिवी से ऊपर सात प्रकार के वायु हैं:-आवह, प्रवह, उद्वह, संवह सुवह, परिवह और परावह,। इसी प्रकार ऊपर २ के सात लोकों में सात २ प्रकार के वायु मिलकर ४९ प्रकार के वायु होते हैं। इसी को पुराणों में ९ कोटि (प्रकार) वायु हैं ऐसा लिखा है।

+अस्मिन्सूत्रवृत्तभङ्ग उपलभ्यते अतः प्रकाशिकापाठो धहहवृत्त्यादिभिन्नपाठः

१० वीं गीतिका का अर्थ नीचे लिखे चक्र द्वारा किया गया है।

## ज्या-ज्ञापक चक्र।

| ज्यासंख्या | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ | १३ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज्यार्द्धसं० | २२५ | २२४ | २२२ | २१९ | २१५ | २१० | २०५ | १९९ | १९१ | १८३ | १७४ | १६२ | १५४ |
| ज्यासंख्या | १४ | १५ | १६ | १७ | १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ | | |
| ज्यार्द्धसं० | १४३ | १३१ | ११९ | १०६ | ९३ | ७९ | ६५ | ५१ | ३७ | २२ | ७ | | |

**दशगीतिकासूत्रमिदं भूग्रहचरितं भपञ्जरे ज्ञात्वा।**
**ग्रहभगणपरिभ्रमणं स याति भित्त्वा परं ब्रह्म ॥११॥**

भूमेर्ग्रहाणाञ्च चरितं यस्मिन्दशगीतिका सूत्रे तद्दशगीतिकासूत्रम्। भपञ्जरे ज्ञात्वा। गोले ज्ञात्वा। भपञ्जरमध्ये भूस्तिष्ठति। चन्द्रादिमन्दान्ता ग्रहास्स्वगत्या प्राङ्मुखं चरन्तो ज्योतिश्चक्रगत्यापराभिमुखं भ्रमन्ति। तत उपरि स्वतोगतिहीनं नक्षत्रमण्डलमपराभिमुखं भ्रमति। इत्यादि ज्ञात्वेत्यर्थः। स पुरो गणितविदेवंविधं ग्रहादिचरितं ज्ञात्वा ग्रहनक्षत्राणां मार्गं भित्त्वा परं ब्रह्म गच्छति ॥

## इति पारमेश्वरिकायां भटदीपिकायां गीतिकापादःप्रथमः।

भा०:-पृथिवी और ग्रहों का चरित जिस में वर्णित है। उस को राशिचक्र में यथावत् जान कर, नक्षत्र चक्र में पृथिवी अवस्थित है और चन्द्रमा मन्दग्रह आदि अपनी २ गति से पूर्व की ओर चलते हुए ज्योतिश्चक्र की गति से पराभिमुख भ्रमण करते हैं। इस के ऊपर अपनी गति से हीन नक्षत्रमण्डल भ्रमण करता सा दीख पड़ता है। गणितज्ञ गण इस प्रकार ग्रह आदिकों के चरित को जान कर पर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं ॥ ११ ॥

इति आर्यभटीये गीतिका पादः समाप्तः ॥ १ ॥

एवं दशगीतिकात्मकेन प्रबन्धेनातीन्द्रियमर्थजातमुपदिश्येदानीं तन्मूलन्यायावसेयमर्थजातंप्रबन्धान्तरेण प्रदर्शयन्निष्टदेवतानमस्कारपूर्वंतदभिधानंप्रतिजानाति

**ब्रह्मकुशशिबुधभृगुरविकुजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य।**
**आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम् ॥१॥**

ब्रह्मभूमिग्रहनक्षत्रगणान्नमस्कृत्य कुसुमपुरे कुसुमपुराख्येऽस्मिन्देशे। अभ्यर्चितं ज्ञानं कुसुमपुरवासिभिः पूजितं ग्रहगतिज्ञानसाधनभूतं तन्त्रमार्यभटो निगदति।

कुसुमपुरेऽभ्यर्चितमित्यनेन ॥ कालक्रियागोलयोर्गणितगम्यत्वात्प्रथमं गणितपादं प्रतिपादयिष्यन्नादितो दशानां स्थानानां संज्ञास्संख्यालक्षणञ्चाह ।

भा०:— पृथिवी, चन्द्रमा, बुध, शुक्र, सूर्य, मङ्गल, और बृहस्पति, आदिधिष्ठित परब्रह्म को नमस्कार कर आर्यभट इस कुसुमपुर (पटना, विहार) के लोगों द्वारा समादृत आर्यभटीय नामक ग्रन्थ को कहते हैं ॥ १॥

एकं दश च शतञ्च सहस्रमयुतनियुते तथा प्रयुतम् ।
कोट्यर्बुदञ्च वृन्दं स्थानात्स्थानं दशगुणं स्यात् ॥२॥ *

इति । स्पष्टार्थः । अनुक्ता संख्या शास्त्रान्तरादवगन्तव्येति भावः ॥ समचतुरश्रफलयोर्वर्गसंज्ञां वर्गस्वरूपञ्चार्याधेनाह ।

दूसरी गीतिका का अर्थ नीचे लिखे प्रकार जानना ॥

एक १
दश १०
शत १००
सहस्र १०००
अयुत १००००
लक्ष १०००००
प्रयुत १००००००
कोटि १०००००००
अर्बुद १००००००००
अब्ज १०००००००००
खर्व १००००००००००
निखर्व १०००००००००००
महापद्म १००००००००००००
शङ्कु १०००००००००००००
जलधि १००००००००००००००
अन्त्य १०००००००००००००००
मध्य १००००००००००००००००
परार्द्ध १०००००००००००००००००

(*) इहार्यापूर्वार्धे वृत्तभङ्ग उपलभ्यते । एकं दशाथ तु शतं सहस्रमिति पाठः शुद्धप्रायो भवेत् ।

## वर्गस्समचतुरश्रः * फलञ्च सदृशद्वयस्य संवर्गः ॥

यस्य चतुरश्रस्य क्षेत्रस्य चत्वारो बाहवः परस्परं समास्स्युः कर्णद्वयञ्च परस्परं समं भवेत् तत्क्षेत्रं समचतुरश्रमित्युच्यते । स क्षेत्रविशेषो वर्गसंज्ञितो भवति । फलञ्च । तस्मिन् क्षेत्रे यत्क्षेत्रफलं भवति तदपि वर्गसंज्ञितं भवति । क्षेत्रफलसमुदायस्य वर्गसंज्ञा भवति । अभीष्टक्षेत्रस्यान्तर्भागे हस्तमितैश्चतुर्भि-र्बाहुभिर्निष्पन्नानि यानि समचतुरश्राणि तानि क्षेत्रफलानीत्युच्यन्ते । एवं त्रिकोणवृत्तादिक्षेत्रेष्वपि हस्तोन्मितचतुरश्रपरिकल्पनया जातानां चतुरश्रख-ण्डानां फलसंज्ञा भवतीति वेद्यम् । सदृशद्वयस्य संवर्गः । सदृशयोः परस्परतु-ल्ययोस्संख्ययोर्यस्संवर्गः परस्परहतिस्स वर्गसंज्ञो भवति । स्वस्य स्वसंख्यया हननं वर्गकर्मेत्युक्तं भवति ॥ उत्तरार्धेन घनमाह ।

भा०:—जिस "चतुर्भुज क्षेत्र" के चारो भुजा एवं दोनों कर्ण परस्पर समान हों, उसे "समचतुरस्र" क्षेत्र कहते हैं । ऐसे "समचतुरस्र" क्षेत्र का नाम "वर्गक्षेत्र" भी है । और इस के फल का नाम "वर्गक्षेत्रफल" होता है । समान दो सख्याओं के परस्पर गुणन को "संवर्ग" कहते हैं ॥ २, और आधी गीति-का का अर्थ हुआ ॥

## सदृशत्रयसंवर्गो घनस्तथा द्वादशाश्रस्स्यात् ॥ ३ ॥

तुल्यसंख्यात्रयस्य संवर्गः परस्परहतिर्घनसंज्ञो भवति । स्वस्य स्वसंख्य-या गुणितस्य पुनरपि स्वसंख्यया हननं घनकर्मेत्युक्तं भवति । तथा द्वादशा-श्रक्षेत्रञ्च घनसंज्ञं भवति । एतदुक्तं भवति । हस्तोन्मितिदैर्घ्यविस्तृतेस्समचतु-रश्रस्य स्तम्भादेर्यथा मूले तिर्यगायतानि चत्वार्यश्राणि भवन्ति । तथाग्रे चत्वारि । अधऊर्ध्वगतानि चत्वारि । एवं द्वादशभिरश्रैर्युतं क्षेत्रञ्च घनसंज्ञं भवतीति । अत्र सदृशद्वयसंवर्गस्सदृशत्रयसंवर्ग इत्याभ्यामेव वर्गकर्म घनकर्म च प्रदर्शितम् । अस्माद्विधेर्न्यायतस्सिद्धं परैरुक्तं प्रक्रियान्तरं विलिख्यते* ।

"समद्विघातः कृतिरुच्यतेऽथ स्थाप्योऽन्त्यवर्गो द्विगुणान्त्यनिघ्नः ।

---

* चतुरश्रैरितिपाठो वैदिकः शतपथब्राह्मणादिषु दृश्यते ज्यौतिषग्रन्थेषु नोपलभ्यते किन्तु चतुरस्रैरित्येव पाठो दृश्यते । यत्र यत्रास्मिन् ग्रन्थे—अस्र स्थाने "अश्रं" पश्येत तत्र सर्वत्रायमेव हेतुर्ज्ञेयः ।

* तथा लीलावत्याम्

स्वस्वोपरिष्टाच्च तथापरेऽङ्कास्त्यक्त्वान्त्यमुत्सार्य पुनश्च राशिम् ॥"

इति वर्गकर्म ।

"समात्रिघातश्च घनः प्रदिष्टः स्थाप्यो घनोऽन्त्यस्य ततोऽन्त्यवर्गः ।
आदित्रिनिघ्नस्त आदिवर्गस्त्र्यन्त्याहतोऽथादिघनश्च सर्वे ॥
स्थानान्तरत्वेन युता घनः स्यात् प्रकल्प्य तत्खण्डयुगं ततोऽन्यत् ।
एवं मुहुर्वर्गघनप्रसिद्धा आद्यङ्कतो वा विधिरेव कार्यः ॥

इति घनकर्म । अन्त्यानि तत्कालस्थापितघनस्य मूलादीन्यन्त्यस्थानानि । आदिस्तस्यादिभूतमेकमेव स्थानम् । खण्डयुगमादिखण्डसविन्यस्तं तथा विन्यस्तमन्त्यखण्डञ्च । अन्यत् अन्यत्र प्रकल्प्येत्यर्थः ॥ भिन्नवर्गभिन्नघनयोस्तु ।

"अंशकृतौ भक्तायां छेदजवर्गेण भिन्नवर्गफलम् ।
अंशस्य घनं विभजेच्छेदस्य घनेन घनफलं भिन्नम् ॥"

इत्याभ्यां वर्गफलघनफले कल्प्ये ॥ वर्गमूलमाह ।

समान तीन संख्याओं के परस्पर गुणन को "घन" कहते हैं एवं द्वादशास्त्र क्षेत्र ( १२ कोण का ) का नाम भी "घनक्षेत्र" है ॥ ३ ॥

**भागं हरेदवर्गान्नित्यं द्विगुणेन वर्गमूलेन ।**
**वर्गाद्वर्गे शुद्धे लब्धं स्थानान्तरे मूलम् ॥४॥**

ओजस्थानानिवर्गसंज्ञितानि।युग्मस्थानान्यवर्गसंज्ञितानि।अन्त्याद्वर्गस्थानाद्यथालब्धं वर्गं विशोधयेत्। शुद्धस्य तस्य वर्गस्य मूलमेकत्र संस्थापयेत्।पुनस्तन्मूलं पृथक् संस्थाप्यपृथक्स्थेन तेन द्विगुणितेन मूलाख्येन फलेन शुद्धवर्गस्थानस्यादिभूतमवर्गस्थानंविभज्य लब्धफलस्य वर्गञ्च विहृतस्थानस्यादिभूताद्वर्गस्थानाद्विशोध्यपुनस्तत्फलं मूलाख्यं पूर्वस्थापितमूलफलस्यादित्वेन पङ्क्त्यांन्यसेत् । पुनस्तया मूलपङ्क्त्या पृथक्स्थया द्विगुणितया शुद्धवर्गस्थानस्यादिभूतमवर्गस्थानंविभज्य तत्र लब्धस्य फलस्य वर्गञ्च विहृतस्थानफलमवर्गस्थानस्यादिभूताद्वर्गस्थानाद्विशोध्यतत्फलमपि मूलपङ्क्तौ स्थापयेत्।पुनरप्येवंकुर्याद्यावत्स्थानावसानम्। तत्र दृष्टा मूलपङ्क्तिर्मूलमेव। सदा विभज्यम् । यदि तत्र फलं न भवेत् तदा शून्यं मूलपङ्क्तौ संस्थाप्य पुनरन्यदवर्गस्थानं विभजेदित्यर्थः। यदा यत्स्थानं ह्रियते तदा तस्यान्त्यस्थानानि तस्यावयवभूतानीतिकल्प्यम्।

लब्धं स्थानान्तरे तत्तल्लब्धं स्थानान्तरत्वेन पङ्क्त्यां स्थाप्यमित्यर्थः ॥

घनमूलमाह ।

भा०- इकाई के स्थान से आरम्भ करके प्रत्येक दूसरे अङ्क के ऊपर एक विन्दु रक्खो, इस प्रकार पूरी राशि कई अंशों में बंट जावेगी, इन अंशों की संख्या से वर्ग मूल के अङ्कों की संख्या जानी जायगी। वांई ओर के पहिले अंश में से कौन सी सब से बड़ी संख्या का वर्ग घट सकता है, उसे निर्णय करो वही वर्गमूल का पहिला अङ्क होगा, उस को भाग की तरह दी हुई संख्या की दाहिनी ओर लिखो और उस के वर्ग को उसी वांई ओर के अंश में से घटाओ। फिर बाकी पर दूसरे अंश अर्थात् आगेके दो अङ्कों को उतारो। इस प्रकार जो दो राशि वनगीं उन को " भाज्य " मानो और उस भाज्य के दाहिने के एक अङ्क को छोड़ कर उस में पहिली वर्गमूल संख्या के दूने का भाग दो और भागफल को उसी मूल की दाहिनी ओर " भाजक " की दाहिनी ओर लिखो। फिर उस भाजक को मूल के शेष अङ्क से गुणा करके गुणन फल को भाज्य में से घटाओ। फिर और और सब अंशों को उतार कर पहिलें की तरह कार्य करो। उदाहरणः—

२२०९ का वर्गमूल बताओ।

```
     २२०९ ( ४७
     १६
    ------
८७) ६० ९
     ६० ९
    ------
```

यहां पहिला अंश २२ है। सब से बड़ी संख्या के वर्ग १६ को २२ में से घटा सकते हैं। इस लिये ४ ही वर्गमूल का पहिला अङ्क होगा। पहिले अंश २२ में से १६ घटाने से ६ शेष रहे। दूसरा अंश ०९ को ६ की दाहिनी ओर उतारने से ६०९ हुए। ६०९ के ९ को छोड़ देने से ६० रहे। ६० में मूल के अङ्क ४ के दूने अर्थात् ८ का भाग देने से भागफल ७ हुआ। ७ को ४ के दाहिनी ओर ८ के दाहिने लिखो। फिर ८७ को ७ से गुणा करके गुणन फल ६०९ में से घटाने से बाकी कुछ नहीं रहा; इस लिये ४७ इष्ट वर्गमूल हुआ ॥ ४ ॥

अघनाद्भजेद्द्वितीयात् त्रिगुणेन घनस्य मूलवर्गेण ।
वर्गस्त्रिपूर्वगुणितश्शोध्यः प्रथमाद्घनश्च घनात् ॥५॥

प्रथमस्थानं घनसंज्ञम् । द्वितीयतृतीये अघनसंज्ञे । चतुर्थं घनसंज्ञम् । पञ्चमषष्ठे अघनसंज्ञे । एवमन्यान्यपि स्थानान्युक्तक्रमाद्विद्यानि । वर्गावर्गविभागो घनविभागश्च युक्तिसिद्धत्वादिहाचार्येणानुपदिष्टः। अन्त्याद्घनस्थानाद्यथालब्धं घनं विशोधयेत् । पुनस्तस्य मूलमेकत्र संस्थाप्य पुनस्तद्घनमूलं वर्गीकृत्य त्रिभिश्च निहत्य तेन शुद्धघनस्थानस्यादिभूतयोरघनस्थानयोर्द्वितीयाद्भागादघनस्थानात्फलं विभजेत् । द्वितीयमघनस्थानं विभजेदित्यर्थः । तत्र लब्धं फलं वर्गीकृत्य त्रिभिश्च निहत्य पूर्वस्थापितेन मूलफलेन च निहत्य विहृतस्थानस्यादिभूतात्प्रथमाख्यादघनस्थानाद्विशोध्य तस्य फलस्य घनञ्च शुद्धराशेरादिभूताद्घस्थानाद्विशोध्यपुनस्तत्फलं घनमूलाख्यं पूर्वस्थापिते घने मूलाख्यफलस्यादिस्थाने पङ्क्तिरूपेणस्थापयेत् । पुनर्मूलपङ्क्त्या पृथक्स्थया वर्गीकृतया त्रिभिश्च निहतया शुद्धघनस्यादिभूतमघनस्थानं विभज्य लब्धं फलं वर्गीकृत्य त्रिभिश्च निहत्य पूर्वस्थापितमूलपङ्क्त्या च निहत्य विहृतस्थानस्यादिभूतात्प्रथमाख्यादघनस्थानाद्विशोध्य फलस्य घनञ्च शुद्धस्थानस्यादिभूताद्घस्थानाद्विशोध्य तत्फलं घनमूलाख्यं पूर्वस्थापितघनपङ्क्तौ स्थापयेत् । पुनरप्येवं कुर्याद्यावत्स्थानावसानं । तत्रजाता घनपङ्क्तिर्घनमूलफलं भवति । भिन्नेषु तु । अंशघनमूलराशौ खनमूलं छेदमूलहृते। इत्यनेन वेद्यम् । तथा भिन्नवर्गमूले च त्रिगुणेन घनस्य मूलवर्गेण भजेदित्यनेन । एवं प्रथमं घनशोधनमभिहितं भवति । वर्गमूले च द्विगुणेन वर्गमूलेन हरेदित्यनेन प्रथमं वर्गशोधनं भवति । घनकर्म लौकिके गणित उपयुज्यते नतु कालक्रियागोलयोः ॥ त्रिभुजक्षेत्रस्य फलं पूर्वार्धेनाह ।

भा०—इकाई के स्थान से आरम्भ करके प्रत्येक तीसरे अङ्क के ऊपर एक एक विन्द रक्ख कर राशि को कई एक अंशों में वांट लो, यह अंशसंख्या घनमूल की अङ्कसंख्या होगी ।

बांई ओर के पहिले अंश में जिस बड़ी से बड़ी संख्या का घन घट सकता हो उस को भाग की रीति के अनुसार दी हुई राशि की दाहिनी ओर लिखो यही संख्या इष्ट घनमूल का पहिला अङ्क होगी पहिले अंश में से

इस मूलांश के घन को घटाओ और अन्तरफल पर पास वाले दूसरे अंश को उतारो और इसे "भाज्य" समझो।

पुनः लब्ध मूलांश के वर्ग के तिगुने को "जांच भाजक" समझो। भाज्य के पिछले दो अङ्कों को छोड़कर उस में "जांच भाजक" का भाग देने से मूल का दूसरा अङ्क मिल जावेगा।

मूल में जो दो अङ्क (या कई अङ्क) अभी मिले हैं, उन को ३ से गुणा करो और गुणन फल को नये मूलाङ्क के (जो जांच भाजक द्वारा निश्चय हुआ है) बांई ओर रक्खो, फिर इस राशि को नये मूलाङ्क से गुणा करो और गुणन फल को "जांच भाजक" के नीचे दो अंक दाहिनी ओर रक्खो और उन को जोड़ो, अब यही योगफल असल भाजक होगा।

"असल भाजक" को उस के शेष अंक से गुणा करो और गुणन फल को भाज्य में से घटाओ। फिर अन्तरफल पर पास वाले दूसरे अंश को उतारो इस प्रकार जब तक सब अंश उतार लिये न जांय, तब तक ऊपर लिखी हुई रीति के अनुसार कार्य करोः—

उदाहरण—४२८७५ का घनमूल निकालो।

$$\text{जांचभाजक } 3^2 \times 3 = २७ \qquad ४२८७५ \; (३५$$

$$3^3 = २७$$

$$\text{असलभाजक } \frac{९५ \times ५ = ४७५}{३१७५} \qquad \frac{३ \times २७}{१५८७५}$$

$$३१७५ \times ५ = १५८७५$$

३५ इष्ट घनमूल हुआ। ॥ ५ ॥

## त्रिभुजस्य फलशरीरं समदलकोटीभुजार्धसंवर्गः ॥

त्रिभुजस्य क्षेत्रस्य या समदलकोटी। लम्ब इत्यर्थः। त्रिभुजस्याधोगतो भुजो भूमिरित्युच्यते ऊर्ध्वकोणाद्भूम्यन्तं ल्यलम्बसूत्रं स लम्ब इत्युच्यते। लम्बस्योभयपार्श्वगते ये त्रिभुजदले त्रिकोणरूपे तयोरयं लम्ब एक एव कोटिर्भवति। तस्मात्समदलकोटीत्युच्यते। तस्याः कोट्या भुजा तत्पार्श्वगतो भूखण्डस्स्यात्। अतो भुजयोरर्धं भूम्यर्धं भवति। भूम्यर्धलम्बयोस्संवर्गस्त्रिभुजक्षेत्रफलं भवति ॥ घनस्य त्रिभुजस्य फलमुत्तरार्धेनाह।

भा०: त्रिभुजक्षेत्र के जो दो तुल्य दल (अर्द्धभाग) कोटी । अर्थात् लम्ब । त्रिभुज के अधोगत भुजा की भूमि (आधार) कहते हैं । ऊपर के कोण से आधार तक जो-लम्ब सूत्र उसे „ लम्ब „ कहते हैं । आधार के अर्द्धभाग को लम्ब से गुणन करने पर—गुणनफल " त्रिभुज क्षेत्र „ का फल होगा ॥ ५ एवं आधीगीतिका अर्थ हुआ ॥

## ऊर्ध्वभुजातत्संवर्गार्धं स घनष्षडश्रिरिति ॥ ६ ॥

